आरएन0आई0 पंजी0 सं0 - UPHIN/2014/60049

# अमर चेतना

वर्ष- 08, अंक- 118 | (हिन्दी दैनिक) | (प्रातः कालीन संस्करण) | फतेहपुर, गुरुवार, 16 दिसम्बर 2021 | E-Mail:- amarchetnaftp@gmail.com | पृष्ठ-6, मूल्य- 3.00 रुपया

मुख्यमंत्री योगी ने लांच किया संकल्प अभियान, बोले

## जनता दे सुझाव, यूपी को नंबर एक बनाना हमारा संकल्प

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) जनता के सुझावों पर अपना संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) तैयार करेगी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के यूपी नंहर 1: सुझाव आपका, संकल्प हमारा अभियान का शुभारंभ किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने पिछली और वर्तमान सरकार का फर्क विभिन्न उदाहरणों से समझाया। उन्होंने कहा कि कहा कि पिछली सरकारों में आतंकियों के मुकदमे वापस लिए जाते थे, आज माफिया पर कार्रवाई की जाती है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में जो संकल्प पत्र जारी किया गया था, उसका प्रत्येक संकल्प पूरा किया गया। घोषणाएं



कालातीत हो जाती हैं, जबकि संकल्प लोक कल्याण का आधार बनते हैं। मुख्यमंत्री ने जनता को आश्वस्त किया कि आप लोग सुझाव दें, वह यूपी को नंबर एक बनाने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, लोक कल्याण संकल्प समिति के अध्यक्ष व वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद कांता कर्दम, सीमा द्विवेदी, राजेश वर्मा, विजयपाल सिंह तोमर, प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 2017 में हुए विधानसभा चुनाव से पहले हमने विपक्षी पार्टियों की तरह घोषणा पत्र नहीं जारी किया था, बल्कि संकल्प पत्र को जारी किया था। संकल्प लोक कल्याण का माध्यम है। संकल्प व्यक्ति के लिए लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण के लिया जाता है। इसी संकल्प के साथ वर्ष 2017 में हम जुड़े थे और उसे पूरा करने का कार्य किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपक्षी पार्टियों द्वारा घोषणा पत्र जारी किया जाता है जो समय के साथ ही कहीं किनारे लग जाता है। वहीं, भाजपा का संकल्प पत्र लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण के लिए होता है। उन्होंने कहा कि फर्क साफ है वो इस बात को लेकर कि पहले की सरकारें किसानों पर गोलियां चलाती थीं। हमने किसानों को ऋण से मुक्ति देने के लिए उनका ऋण माफ किया। फर्क साफ है कि पहले की सरकार में गौ हत्या और तस्करी होती थी। हमने अवैध बूचड़खाने बंद कर गोवंश संरक्षण शुरू कर, गौ पालकों को 900 रुपये प्रति माह देने का काम किया। किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान 10 साल से नहीं हुआ था। 2017 में भाजपा सरकार आई तो हमने अपने संकल्प को पूरा कर किसानों के बकाया पैसों का भुगतान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब हम 2014 और 2017 में प्रचार के लिए निकले थे तब पश्चिम यूपी में हर अभिभावक चिंतित रहता था कि उसकी बेटी सुरक्षित हैं कि नहीं, लेकिन 2017 के बाद पूरे प्रदेश का हाल बदल गया और आज हर कोई सुरक्षित है। आज आस्था के केंद्रों को सम्मान मिल रहा है। अब यूपी में दंगा नहीं होता, बल्कि पर्व-त्यौहार धूमधाम से मनाए जा रहे हैं।

सीडीएस चॉपर क्रैश में एक और दुखद खबर

## ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का बेंगलुरु के अस्पताल में निधन, 8वें दिन हारे जिंदगी की जंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीडीएस जनरल रावत के साथ हेलिकॉप्टर हादसे में घायल हुए ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह का बुधवार को निधन हो गया। इंडियन एयरफोर्स ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। एयरफोर्स ने कहा कि ग्रुप कैप्टन वरुण ने गंभीर चोटों की वजह से दम तोड़ दिया। तमिलनाडु के कुन्नूर में 8 दिसंबर को हेलिकॉप्टर हादसे में घायल होने के बाद पहले उन्हें वेलिंगटन के आर्मी अस्पताल में भर्ती किया गया था। बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेंगलुरु शिफ्ट किया गया था। वे 8 दिन से जिंदगी की जंग लड़ रहे थे। गैलेंट्री अवॉर्ड विनर ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह सैन्य परिवार से आते हैं। उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी वरुण सिंह का परिवार तीनों सेनाओं से जुड़ा है- आर्मी, नेवी



और एयरफोर्स। ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह इंडियन एयरफोर्स से थे। उनके पिता रिटायर्ड कर्नल केपी सिंह आर्मी एयर डिफेंस की रेजिमेंट में थे। कर्नल केपी सिंह के दूसरे बेटे और ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह के छोटे भाई लेफ्टिनेंट कमांडर तनुज सिंह इंडियन नेवी में हैं। वरुण का परिवार इन दिनों भोपाल में रहता है। देवरिया (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह को इसी साल स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। उन्हें यह अवॉर्ड फ्लाइंग कंट्रोल सिस्टम खराब होने के बाद भी 10 हजार फीट की ऊंचाई से तेजस विमान की सफल लैंडिंग कराने पर दिया था। वरुण ने आपदा के समय धैर्य नहीं खोया और आबादी से दूर ले जाकर विमान की सफल लैंडिंग कराई थी। इस काम के लिए उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। वरुण ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्तमान के बैचमेट हैं। अभिनंदन ने 27 फरवरी 2019 को भारत की सीमा में घुसने वाले पाकिस्तानी विमानों को खदेड़ा था। उन्होंने इस दौरान पुराने मिग-21 से अमेरिकन मेड एफ-16 मार गिराया था। वरुण बेस्ट पायलट अवॉर्ड से भी सम्मानित हो चुके हैं।

महाराष्ट्र निकाय चुनाव

## सुप्रीम कोर्ट का निर्देशः ओबीसी आरक्षित 27 फीसदी सीटों को सामान्य अधिसूचित करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव के लिए ओबीसी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित 27 फीसदी सीटों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग को अहम निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से कहा है कि इन 27 फीसदी सीटों को सामान्य श्रेणी में अधिसूचित करेंए जिससे चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने बीती छह दिसंबर को राज्य में ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों पर स्थानीय निकाय चुनाव पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत ने यह साफ किया था कि बाकी सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया जारी रहेगी। अब इन आरक्षित सीटों पर भी प्रक्रिया आगे हढ़ाने के लिए ये निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इन सीटों को सामान्य के घोषित करने हेतु नई अधिसूचना जारी करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को एक सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने यह भी कहा कि ट्रिपल टेस्ट के बिना पालन के राज्य सरकार की ओर से ओबीसी आरक्षण के लिए अध्यादेश लाने का फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा। न्यायाधीश एएम खानविलकर और सीटी रविकुमार की पीठ ने यह निर्देश महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर किए गए एक आवेदन पर सुनवाई के दौरान दिया। इस आवेदन में राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में शीर्ष अदालत की ओर से दिए गए पिछले सप्ताह के आदेश में बदलाव करने की मांग की गई थी।

### कोविंद तीन दिवसीय बंगलादेश यात्रा पर ढाका पहुंचे, शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि

**ढाका, एजेंसी।** भारत के राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद बुधवार को बंगलादेश की तीन दिवसीय यात्रा पर ढाका पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रीय शहीद स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अपर्ति की और फिर इसके बाद बंगबंधु स्मारक संग्रहालय पहुंचकर श्री शेख मुजीबुर रहमान को श्रद्धांजलि दी। श्री कोविंद यहां मुक्ति संग्राम में बंगलादेश की जीत की स्वर्ण जयंती और मुजीब वर्ष की समाप्ति के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोहों में भाग लेंगे। राष्ट्रपति एयर इंडिया की उड़ान एआई1 से पूर्वाह्न 11:10 बजे ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां पर उनका बंगलादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हमीद ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी और बेटी, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दो सांसद और विदेश सचिव भी हैं।

## दुश्मन को इस पार ही नहीं, हम उस पार भी जाकर मार सकते हैंः राजनाथ सिंह

**देहरादून, एजेंसी।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून में सैन्य धाम पर शहीदों के घर के आंगन की मिट्टी को अपने माथे से लगाने के बाद जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश कुछ न कुछ नापाक हरकतें करता रहता है। हम दुश्मन को इस पार ही नहीं, उस पार भी जाकर मार सकते हैं। श्री सिंह ने कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, अब लिया जाता है। उन्होंने कहा कि नेपाल से हमारे रोटी बेटी के रिश्ते हैं। सांस्कृतिक रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ऐसी हैं जो इस रिश्ते को खराब करना चाहती है। भले ही हमें शीश झुकाना पड़े, लेकिन अपने पड़ोसी नेपाल से रिश्ते को टूटने नहीं दिया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि तिब्बत से भी



हमारे रिश्ते बेहतर रहे हैं। 16 दिसंबर 1971 को हमारे सैनिकों के पराक्रम की वजह से पड़ोसी मुल्क के सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। भारत अब और मजबूत बन रहा है। अगर हमारे देश की तरफ कोई आंख उठाने की कोशिश करेगा तो हम मुंह तोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मामले में भी भारत को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया। आज हम दुनिया के 72 देशों को सैन्य सामान निर्यात कर रहे हैं। पहले हम 65 से 70 फीसदी सैन्य सामान दूसरे देशों से आयात करते थे, लेकिन अब स्थिति बदल गयी है और हम सामान एवं उपकरण यहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा कि हम देहरादून से नाइट विजन डिवाइस अगले साल तक दुनिया को निर्यात करना शुरू करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट से कारोबारी राज कुंद्रा को बड़ी राहत गिरफ्तारी से सुरक्षा दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अश्लील वीडियो मामले में सुप्रीम कोर्ट से कारोबारी राज कुंद्रा को बड़ी राहत मिली है। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज कुंद्रा को कथित अश्लील वीडियो वितरण के आरोप में दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ व्यवसायी राज कुंद्रा की अपील पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब भी मांगा है। कारोबारी कुंद्रा ने अपनी याचिका में खुद के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में अग्रिम जमानत खारिज करने के हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। गौरतलब है कि इस साल जुलाई महीने में बालीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने उस मामले में गिरफ्तार किया था।

### भारत और पोलैंड के बीच कानूनी सहायता से संबंधित समझौते को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आतंकवादी घटनाओं तथा अन्य अपराधों की जांच में कानूनी सहायता से संबंधित समझौते को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस समझौते से संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसका उद्देश्य परस्पर कानूनी



सहायता के माध्यम से आतंकवाद से संबंधित अपराधों समेत अन्य अपराधों की जांच और अभियोजन में दोनों देशों की क्षमता में बढोतरी करना है। प्रस्तावित संधि अंतरराष्ट्रीय अपराध और आतंकवाद के साथ इसके संबंधों के संदर्भ में अपराध की जांच और अभियोजन के साथ-साथ अपराध के बढ़ने, इसके मददगार उपकरणों तथा आतंकवादी कृत्यों के वित्तपोषण के लिए धनराशि आदि का पता लगाने, रोकने तथा जब्त करने में पोलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रदान करेगी। इस संधि पर हस्ताक्षर और पुष्टि के बाद केन्द्रीय दंड संहिता प्रक्रिया 1973 के संबंधित प्रावधानों के तहत अधिसूचना जारी की जाएगी जिससे कि देश में संधि के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके। अमल में आने के बाद संधि के माध्यम से संगठित अपराधियों और आतंकवादियों के तौर-तरीकों के बारे में इनपुट और बेहतर जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

लखीमपुर खीरी हिंसा

## बेटे पर सवाल किया तो भड़के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र, पत्रकारों से की अभद्रता

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** लखीमपुर खीरी में मदर चाइल्ड केयर सेंटर में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन करने गए गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी से जब एक पत्रकारों ने तिकुनिया कांड के मुख्य आरोपी उनके बेटे आशीष मिश्र पर हत्या की साजिश संबंधी धाराएं बढ़ाने पर सवाल किया तो वह आपा खो बैठे। उन्होंने पत्रकारों के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने पत्रकार पर हाथ भी उठाया। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो वीडियो सामने आई है, उसमें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी ने पत्रकार पर हाथ उठाने की भी कोशिश की, लेकिन साथ में खड़े लोगों ने रोक लिया। इसके बाद फिर अजय मिश्रा टेनी ने पत्रकारों को



गाली दी। इस बीच खबर यह भी है कि गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को दिल्ली बुलाया गया है। वह लखीमपुर खीरी से दिल्ली रवाना हो चुके हैं। पहले अजय लखनऊ पहुंचेंगे, फिर शाम 5:35 की फ्लाइट से दिल्ली जाएंगे। तिकुनिया कांड में मुख्य आरोपी आशीष मिश्र मोनू समेत सभी 13 आरोपियों पर दुर्घटना की धाराएं हटाकर हत्या की कोशिश व अंगभंग करने की धाराएं बढ़ाई गई हैं। मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में दाखिल हुए सभी 13 आरोपियों पर अदालत ने हत्या की कोशिश की धारा 307, अंगभंग 326, शस्त्र के दुरुपयोग की धारा 3/25/30 व शस्त्र अधिनियम की धारा 35 की बढ़ोतरी की है।

### हरभजन सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा

**चंडीगढ़, एजेंसी।** प्रसिद्ध क्रिकेटर हरभजन सिंह के राजनीति में आने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। इस बार भज्जी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इसकी वजह बनी है पंजाब कांग्रेस प्रधान नवजोत सिद्धू की तरफ से ट्वीट की गई एक तस्वीर। भज्जी के साथ तस्वीर शेयर करते हुए सिद्धू ने इसे संभावनाओं से भरी तस्वीर बताया है। इससे पहले क्रिकेटर हरभजन सिंह के भाजपा में शामिल होने की अफवाहें उड़ी थी। जिसके बाद खुद हरभजन सिंह को सामने आना पड़ा था। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों को झूठा बताया था। इससे पहले हरभजन की 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं तेज हुई थीं लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 93 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वर्ष 2021-2026 के दौरान क्रियान्वयन के लिए 93 हजार 68 करोड़ रुपए का प्रावधान करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। समिति ने राज्यों के लिए केन्द्र के समर्थन के तौर पर 37 हजार 454 करोड़ रुपए और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2016-21 के दौरान सिंचाई के विकास के लिए केन्द्र से लिये गये ऋण को चुकता करने के लिए 20 हजार 434 करोड़ 56 लाख रुपए दिये जाने को स्वीकृति प्रदान की है। बैठक में त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), हर खेत को पानी एवं वाटरशेड डेवेलेपमेंट कंपोनेंट को अगले पांच वर्ष यानी 2025-26 तक बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया।



एआईबीपी के तहत 13.88 लाख हेक्टेयर भूमि पर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित होगी जबकि 30.23 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि सहित 60 मौजूदा परियोजनाओं को पूरा किया जा सकेगा। सूखा प्रभावित क्षेत्रों एवं आदिवासी क्षेत्रों में समावेशन की शर्तों में ढील दी गयी है। हिमाचल प्रदेश के रेणुकाजी बांध परियोजना और उत्तराखंड की लखवार बहुउद्देश्यीय परियोजना में वाटर कंपोनेंट का 90 प्रतिशत वित्त पोषण केन्द्र द्वारा किये जाने का प्रावधान किया गया है।

## सांसदों के निलंबन पर राज्यसभा में कामकाज ठप

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में विपक्ष के 12 सांसदों के निलंबन के मुद्दे पर बुधवार को भी विपक्षी सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया जिसके कारण तीन बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। भोजनावकाश के बाद सदन में 'कोविड -19 के ओमिक्रॉन संस्करण से उत्पन्न स्थिति पर' अल्पकालिक चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों के



जोरदार हंगामे के जारी रहने पर संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा विपक्ष के सदस्यों के अनुरोध पर ही करायी जा रही है और अब वे ही चर्चा में शामिल होने के बजाय हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह विपक्षी सदस्यों से आग्रह करते हैं कि वे अपनी जगहों पर जायें और चर्चा में भाग लें क्योंकि यह बेहद महत्वपूर्ण मुद्दा है। विपक्षी सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लेने का वादा किया था और अब वे अपने वादे से पीछे हट रहे हैं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर उन्होंने कहा कि यदि वे माफी मांग लेते हैं तो उनका निलंबन समाप्त कर दिया जायेगा। तृणमूल कांग्रेस के सुखेन्दु शेखर रॉय ने इस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि सदन में किसी भी विषय पर चर्चा कराने के बारे में निर्णय आसन द्वारा लिया जाता है और सरकार इसके बारे में निर्णय कैसे ले सकती है। उन्होंने कहा कि यह चर्चा आसन ने शुरू करायी थी न कि सरकार ने। इस पर श्री जोशी ने कहा कि जब विपक्ष ने इस विषय पर चर्चा कराने की मांग की तो संबंधित मंत्री ने अपनी सहमति दी थी। इसके बाद भी सदन में अव्यवस्था का माहौल देख पीठासीन उप सभापति भुवनेश्वर कलिता ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

जिन्हें भाजपा को हराना है वो हमारे साथ आएं: ममता बनर्जी




### अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री पी. थंगामणि के परिसरों पर डीवीएसी की छापेमारी

**चेन्नई, एजेंसी।** सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) ने अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री पी. थंगामणि के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बुधवार को तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। पुलिस ने यह जानकारी दी। विपक्षी दल ने अपने प्रतिद्वंद्वी, सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि छापेमारी के जरिए अन्नाद्रमुक के समर्थकों को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव से पहले सक्रिय रूप से काम करने से रोकने की कोशिश की जा रही है, साथ ही कहा कि पार्टी किसी भी जांच का सामना करने को तैयार है। थंगामणि, उनकी पत्नी और बेटे के खिलाफमई 2016 से मार्च 2020 की चेक अवधि के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों के अनुपात में 4.85 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

## अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा नए कानून से देने के मामले में फैसला सुरक्षित

राज्य सरकार और जीडीए की पुनर्विचार याचिका पर हाईकोर्ट ने की सुनवाई

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू होने से पूर्व अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा नए कानून के तहत दिया जाएगा या अधिग्रहण के समय लागू कानून के अनुसार, इस मुद्दे पर हाईकोर्ट ने बुधवार को लंबी सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित कर लिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि पुराने कानून के तहत अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा यदि नया कानून के आने से पहले नहीं दिया गया है तो नए कानून के अनुसार दिया जाएगा। इस आदेश के खिलाफ प्रदेश सरकार और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने पुनर्विचार अर्जी दाखिल की है। अर्जी पर मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की पीठ ने सुनवाई की। प्रदेश सरकार का पक्ष रखने के लिए अपर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता वीडियो



कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की कार्यवाही से जुड़े। तुषार मेहता ने बताया कि हाईकोर्ट के फैसले को प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल कर चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी और क्यूरेटिव पेटीशन खारिज कर दी है। तुषार मेहता ने बहस की कि सुप्रीम कोर्ट से एसएलपी खारिज होने के बाद भी हाईकोर्ट में उसके फैसले पर पुनर्विचार के लिए याचिका दाखिल की जा सकती है। ऐसे मामले में रिव्यू दाखिल करने का अधिकार है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में हाईकोर्ट का आदेश मर्ज नहीं हुआ है। इसलिए यहां लॉ ऑफ मर्जर लागू नहीं होगा। भले ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिका कोई कारण बताकर खारिज की हो या बिना कारण बताए। मेहता ने दलील दी कि भूमि अधिग्रहण कानून की धारा 113 में प्रावधान है कि यदि किसी बात पर विवाद है तो केंद्र सरकार का आदेश उस सम्बंध में माना जाएगा। केंद्र सरकार ने अधिग्रहण की अधिसूचना जारी होने की तिथि से मुआवजा दिए जाने का निर्णय लिया है। याची पक्ष का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई निर्णयों में नए कानून से मुआवजा देने का निर्देश दिया है। क्योंकि केंद्र सरकार ने कोर्ट में ऐसा आश्वासन दिया है। अब सरकार अपने वादे से मुकर नहीं सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बजाज ऑटो की याचिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ ई-ऑटो को 4,261 नए परमिट जारी करने के आम आदमी पार्टी सरकार के फैसले के खिलाफ बजाज ऑटो की एक याचिका बुधवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली के निवासी वायु प्रदूषण से बुरी तरह प्रभावित हैं, जिसका एक हिस्सा वाहनों द्वारा योगदान दिया जाता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि भले ही सीएनजी ऑटो रिक्शा बीएस-6 मानकों की अनुपालन कर रहे हैं, लेकिन उनसे फिर भी कुछ कार्बन उत्सर्जन होता है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा ई-ऑटोरिक्शा के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन को मनमाना नहीं कहा जा सकता क्योंकि यह स्वच्छ-वृद्ध योजना और इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2020 के अनुरूप है।

# भाजपा सरकार ने सर्व समाज को सम्मान देने का काम किया: रामधनी बिंद

**⇨ पूर्व की सरकारों ने हमेशा से ठगने का काम किया ⇨ सपा की सरकार में तो उन पर घोर अत्याचार हुआ**



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** पिछली सरकारों ने हमेशा से ही वंचित तबके को ठगने का ही काम किया है। सपा की सरकार में तो उन पर घोर अत्याचार हुआ, उन पर झूठे केस कर फंसाने का काम भी किया गया। प्रदेश की भाजपा सरकार ने दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों समेत सर्व समाज को सम्मान देने का काम किया है। ये सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों में खुशहाली लाने का काम कर रही है। यह बातें मुख्य अतिथि हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक व भारतीय मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केवट रामधनी बिंद ने प्रयागराज के हंडिया तहसील के मानस हाल में कही। भाजपा हिस्सेदारी मोर्चा गठबंधन के बैनरतले भारतीय मानव समाज पार्टी एवं प्रगतिशील समाज पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में हिस्सेदारी मोर्चा की भूमिका अहम होगी। अध्यक्षता करते हुए हिस्सेदारी मोर्चा के सहसंयोजक व प्रगतिशील समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. सुनील कुशवाहा ने कहा कि विपक्षी दलों ने बीते कई वर्षों से देश का हाल खस्ता कर रखा है। इन दलों ने समाज में परिवारवाद, जातिवाद, वंशवाद का जहर घोलने का काम बखूबी किया है। इसके अलावा कुछ विघटनकारी शक्तियों के साथ मिलकर देश-प्रदेश को बांटने का काम कर रहे हैं। इनसे पूरी तरह सावधान रहने की जरूरत है। आगामी चुनाव में हिस्सेदारी मोर्चा के सहयोग से भाजपा प्रदेश में एक बार फिर से सरकार बनायेगी। प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपचंद्र मौर्य ने कहा कि देश में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसने पिछड़ों और दलितों को सम्मान देने का काम किया है। जबकि सपा, बसपा, कांग्रेस जैसे दलों ने झूठे प्रलोभन देने और अपने परिवार के आगे कुछ सोचा ही नहीं। इसलिए हमें भाजपा के साथ मिलकर ताकत बनानी होगी, और मुख्यमंत्री योगी जी को सीएम बनाने का संकल्प लेना होगा। भारतीय मानव समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपीचंद्र बिंद ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने जो संविधान के अंतर्गत अधिकार हमें दिये हैं, उसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर भारतीय मानव समाज पार्टी के कृष्ण प्रसाद बिंद बौद्धिक प्रकोष्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष, रमेश चंद्र बिंद राष्ट्रीय महासचिव, शिव बहादुर बिंद राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, प्रगतिशील समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव समर बहादुर शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पटेल व पवन यादव, प्रदेश सचिव दिनेश गुप्ता, सुशील कुमार बिंद राष्ट्रीय सचिव, रमेश बिंद राष्ट्रीय महासचिव बौद्धिक प्रकोष्ठ, भगवान बिंद प्रदेश उपाध्यक्ष, त्रिलोकी नाथ बिंद प्रदेश उपाध्यक्ष बौद्धिक प्रकोष्ठ, सुशील कुमार बिंद प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रसपा मजदूर संघ के मंडल प्रभारी नवीन विद्यार्थी, कार्यक्रम प्रभारी अजय कौशिक, राकेश कुमार बिंद जिलाध्यक्ष, राज बहादुर कुशवाहा जिला महासचिव समेत हजारों लोग उपस्थित रहे।


## प्रतिस्पर्धी समाज में जीवन के मूल्य खो रहे हैं: डॉ सुमित्रा



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** वर्तमान प्रतिस्पर्धी समाज में जीवन के मूल्य खो रहे हैं। पारम्परिक मूल्यों को सीखने के बजाय हम दूसरों को हरा देने के तरीकों की तलाश में लगे हैं। उक्त विचार ख्याति लब्ध सोशल एक्टिविस्ट डॉ0 सुमित्रा वरूण ने बुधवार को समदरिया स्कूल में मानवीय जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता विषयक कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा पास करके डिग्री एकत्र करने की होड़ बन्द करके जीवन के अच्छे मूल्यों के महत्व का एहसास होना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ0 मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि जीवन में लिए गये फैसले मूल्यों पर केंद्रित होना चाहिए। इसका सीधा परिणाम न केवल स्वयं को बल्कि परिवार, संगठन, समाज के साथ-साथ राष्ट्र को भी प्रभावित करता है।

# बमरौली-मनौरी स्टेशनों के बीच ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली से रेल परिचालन शुरु

**प्रयागराज जंक्शन पर अब नहीं होगा रेलगाड़ियों का विलम्बन**



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** प्रयागराज मंडल के सिग्नल और दूरसंचार विभाग द्वारा प्रयागराज-कानपुर खंड के बमरौली-मनौरी स्टेशनों के बीच 08.49 किलोमीटर लम्बे खंड पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली कमीशन किया गया है। इससे इस खंड की ट्रेन-परिचालन क्षमता बढ़ गई है। इसका सबसे अधिक लाभ यात्रियों को होगा क्योंकि यात्री ट्रेन लगातार समय से आगे बढ़ती रहेंगी। उक्त जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देते हुए बताया है कि बमरौली-मनौरी खंड के तीनों रिले हट में हिटाची की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग लगाया गया है। पावर सप्लाई के निर्बाध आपूर्ति के लिए इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई सिस्टम लगाया गया है। इस कार्य के साथ बमरौली-मनौरी खंड के समपार फाटक संख्या 5(सी) को ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली के साथ इंटरलॉक करके समपार फाटक पर सड़क यातायात को और अधिक सुरक्षित बनाया गया है। इसके मैकेनिकल फाटक के स्थान पर अब विद्युत संचालित फाटक लगाया गया है। प्रयागराज स्टेशन मंडल के व्यस्ततम स्टेशनों में से एक है। डीसी ट्रैक सर्किट के फेल होने पर इस स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का विलम्बन को हर हाल में रोकने के लिए सिग्नल विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से प्रयागराज स्टेशन के पूर्वी स्टेशन यार्ड में डीसी ट्रैक सर्किट के साथ एमएसडीएसी एक्सल काउंटर लगाया है। साथ ही, प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2 तथा 5 के ट्रैक पर ड्यूल एक्सल काउंटर लगाया गया है। पहले, बारिश के दौरान स्टेशन का यार्ड पानी से भर जाने से डीसी ट्रैक सर्किट विफल हो जाता था। इससे इस स्टेशन से होकर चलने वाली ट्रेनों का समय पालन बहुत बुरी तरह प्रभावित होता था। अब ऐसी घटनाओं के कारण होने वाली सिग्नल विफलताओं पर विराम लग गया है।

## महाराष्ट्र के सपा प्रदेश अध्यक्ष का किया गया जोरदार स्वागत



**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** महाराष्ट्र के सपा प्रदेश अध्यक्ष का सिराथू विधानसभा के लेहदरी पुल के पास सपाइयो ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। समाजवादी पार्टी से महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी का लखनऊ से प्रतापगढ़ जाते समय सिराथू विधानसभा क्षेत्र के लेहदरी पुल के पास सपा नेता वीरेंद्र कुमार उर्फ विक्की साहू की अगुआई में दर्जनों सपाइयों ने अबु आसिम आजमी को माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान अबू आसिम आजमी ने कहा की उत्तर प्रदेश में 2022 में होने वाले चुनावों को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी को मजबूत करने के लिए बड़ी ज़िम्मेदारी दी है। आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है।

## संगठन की मजबूती दिलाएगा जेसीबी संचालकों को शोषण से मुक्तिः अवधेश शुक्ला

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** संगठन की मजबूती और एकदम जेसीबी संचालकों को शोषण से मुक्ति दिलाने का काम करें। इधर कुछ दिनों से कुछ प्रशासनिक अधिकारी जेसीबी संचालकों के शोषण की फिराक में है। ऐसे में संगठन मजबूती से इस तरह के किसी प्रयास से लड़ने के लिए तैयार है। उक्त बातें भरवारी कस्बे में आयोजित एक बैठक के दौरान जेसीबी यूनियन के अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला संबोधित करते हुए कहीइस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज इस तरीके से संगठन के सभी लोग एकजुट हो ऐसे ही संगठन के किसी सदस्य पर हो रहे अनैतिक शोषण के खिलाफ खड़े होकर आवाज उठाएंगे। संगठन की एकता जरूरी है एक-एक सदस्य संगठन के लिए महत्वपूर्ण है ऐसे संगठन के सभी पदाधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी अवैध तरीके से जेसीबी संचालकों का शोषण करते हैं। इनके खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है यदि हम एकजुट होकर इस आवाज को मुखर करेंगे तो इस शोषण से मुक्ति अवश्य मिलेगी।

## बिना परमिशन आरा मशीन चला रहे संचालक पर कार्यवाई

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमासिन गांव में बिना परमीशन के आरामशीन चला रहे संचालक के खिलाफ डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग व पुलिस की टीम ने छापेमारी कर मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई है। जिसके बाद इलाके के लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। सिराथू सर्किल में अवैध रूप से दर्जनों आरा मशीनें संचालित होने के मामले को संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। बिना परमिशन चल रही है आरा मशीनों की वजह से धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटान हो रही ऐसे हरियाली घट होती जा रही है। बुधवार को डीएफओ और एस यादव के निर्देश पर क्षेत्रीय वन अधिकारी सिराथू अजय कुमार श्रीवास्तव व सिराथू सीओ योगेंद्र कृष्ण नारायण की अगुवाई में वन विभाग व पुलिस की टीम ने कमासिन गांव में चल रही अवैध रूप से आरा मशीन पर छापेमारी कर उसे सीज करते हुए आरा मशीन संचालक के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। इस दौरान रेंजर सिराथू अजय श्रीवास्तव, सीओ सिराथू योगेंद्र कृष्ण नारायण, थानाध्यक्ष सैनी तेज बहादुर सिंह सहित वन विभाग व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## भाजपा नेता के निजी अंगरक्षक पर मारपीट व लूट का आरोप जांच मे जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़ (संवाददाता)।** सांगीपुर क्षेत्र के एक भाजपा नेता के निजी अंगरक्षक पर मारपीट व लूटपाट का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने अंगरक्षक समेत आठ लोगों के खिलाफ मंगलवार को उदयपुर पुलिस को तहरीर सौपीं। घटना को लेकर पुलिस ने जांच करने के बाद उचित कार्रवाई की बात कही है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नीर-पूरे लोका गांव निवासी अभिषेक सिंह पुत्र राजेश सिंह ने बीती मंगलवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सोमवार की रात लगभग नौ बजे वह विद्युत विभाग के बिल फीडिंग का कामकाज निपटा रहा था। आरोप है कि इसी बीच बाइक सवार सात-आठ लोग पीड़ित के घर की बाउण्ड्री लांघकर जबरिया घर के अंदर घुस गये। आरोपीगण गालीगलौज करते हुए पीडित की मां व बहन को मारने पीटने लगे। चीखपुकार सुनकर बगल के कमरे मे मौजूद पीडित बाहर निकला और बीचबचाव करने लगा तो आरोपियो ने उसे भी जमकर मारापीटा।

# झांसा देकर वृद्धा की जमीन का बैनामा कराने को लेकर नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

**प्रतापगढ़ (संवाददाता)।** कोतवाली पुलिस ने वृद्ध महिला को धोखे मे रखकर उसकी जमीन का बैनामा करा लेने की घटना को लेकर नौ आरोपियो के खिलाफ जालसाजी, धोखाधडी का मुकदमा मंगलवार की रात दर्ज किया है।

महेशगंज थाना क्षेत्र के धमोहन गांव निवासी राधेश्याम पाण्डेय की पत्नी पचासी वर्षीया वृद्ध महिला का संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के करमाईन गांव मे मायका है। यहां वृद्धा के नाम जमीन है। पीड़ित वृद्धा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीते तीन दिसंबर को वह अपने चचेरे भाई की वार्षिकी श्राद्ध मे शामिल होने के लिए करमाईन गांव अपने मायके गयी थी। जहां गांव निवासी नितिनचंद्र मिश्र पुत्र श्रीचंद्र मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, पवन कुमार व संजय कुमार पुत्रगण रामचंद्र मिश्र तथा शिवनरेश पुत्र रामकृपाल, दिलीप कुमार पुत्र रामनरेश, बृजेश कुमार मिश्र पुत्र शिवनरेश तथा संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के बसोय गांव निवासी श्यामशंकर पुत्र जगदीश पुराने मुकदमे के सुलहनामे मे फिर से हस्ताक्षर करने के बहाने धोखा देकर उसे लालगंज रजिस्ट्री कार्यालय ले गये। यहां दस्तावेज लेखक के साथ मिलीभगत करके कूटरचना करते हुए धोखे से उसकी जमीन का अपने नाम बैनामा करा लिया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि पीड़ित वृद्धा की तहरीर के आधार पर घटना की जांच के बाद नितिनचंद्र मिश्र समेत नौ लोगों के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा दर्ज किया है।

## पेयजल टंकी के निर्माण को लेकर हुआ भूमिपूजन



**प्रतापगढ़ (संवाददाता)।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना जलशक्ति मिशन के तहत बुधवार को लालगंज ब्लाक क्षेत्र के लालूपुर ग्राम पंचायत मे पेयजल टंकी का बीडीओ व ब्लाक प्रमुख ने संयुक्त रूप से समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। लालगंज बीडीओ अश्विनी कुमार सोनकर ने ब्लाक प्रमुख लालगंज इं. अमित प्रताप सिंह के साथ बुधवार सुबह ग्राम पंचायत लालूपुर क्षेत्र मे पेयजल टंकी को लेकर भूमिपूजन किया। बीडीओ ने मौजूद ग्रामीणों को बताया कि शीघ्र ही गांव को शुद्ध जलापूर्ति का लाभ मिल सकेगा। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यदायी संस्था के द्वारा पांच लाख लीटर की क्षमता की यह पेयजल टंकी सवा करोड़ की लागत से शीघ्र ही पूर्ण होगी। इससे अब ग्रामीणों को शुद्ध पीने के पानी की उपलब्धता हर समय बनी रह सकेगी। कार्यक्रम का संयोजन ग्राम प्रधान बृजेश सिंह ने किया। इस मौके पर रामकृष्ण ओझा, प्रीतेन्द्र ओझा, कालिका प्रसाद, राजकृष्ण, राजू ओझा, सोहनलाल, पप्पू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अमृत महोत्सव के तहत निकाली गई तिरंगा यात्रा



**प्रतापगढ़ (संवाददाता)।** आजादी के पचहत्तर वर्ष पूरे होने को लेकर जगह जगह अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत बुधवार को सगरा सुंदरपुर बाजार मे स्कूल के बच्चों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी। आरएसएस व भाजपा के संयोजन मे निकाली गयी इस तिरंगा यात्रा मे स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इण्टर कालेज के सैकड़ो बच्चे शामिल हुए। भारत माता के जयकारे लगाते हाथ मे तिरंगा लिये बच्चे व आरएसएस तथा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बाजार क्षेत्र व लक्ष्मणपुर मार्ग पर लोगों मे राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की झांकी लोगों मे आकर्षण का केंद्र रही।

# ज्वाला देवी ने अमृत महोत्सव पर निकाली तिरंगा यात्रा



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी प्रयागराज में बुधवार को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसने एक सुंदर झांकी के रूप में समाज में जनचेतना का कार्य किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि किलकारी हॉस्पिटल के संचालक डॉ युगांतर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि रज्जू भैया प्रसार समिति के मंत्री नागेन्द्र, प्रदेश निरीक्षक काशी प्रान्त रामजी सिंह तथा मुकुंद तिवारी पार्षद रसूलाबाद तेलियरगंज ने भारत माता की आरती करने के पश्चात तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आचार्य संदीप कुमार मिश्र ने अमृत महोत्सव कार्यक्रम की उपादेयता व महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रमुख आचार्य जनार्दन प्रसाद दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में भैया-बहनों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। जिसमें वीरांगना लक्ष्मीबाई स्वाति राय, भारत माता प्रांजलि राय, महात्मा गांधी प्रियांशु यादव, भगत सिंह राज पाण्डेय, चंद्रशेखर आजाद यश मिश्रा, डॉ अंबेडकर ऋषि पाण्डेय, सुभाषचंद्र बोस आदित्य त्रिपाठी, अशफाक उल्ला खाँ प्रियांशु सिंह, रानी दुर्गावती पूर्वी गुप्ता, मंगल पाण्डेय, गरिमा मिश्रा, सैनिक कार्तिक धूरिया के रूप में प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र व प्रबंधक एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी आचार्य, भैया-बहनों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए बधाई दी। इस अवसर पर मातृभारती की पूनम त्रिपाठी, रचना मिश्रा, वीनू सक्सेना एवं विद्वत परिषद के निर्मल द्विवेदी, एस.एन त्रिपाठी, जगदीश त्रिपाठी, विक्रम बहादुर सिंह, सुमन्त पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जायः डीएम

**महोबा, (संवाददाता)।** जिले के सभी मतदेय स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की वास्तविक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।सभी बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय, पहुंच मार्ग, रैंप, चाहरदीवारी आदि की रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय में सबमिट करें। उक्त निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट्स के साथ विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए दिए।उन्होंने कहा कि हैंड पम्प का होना या न होना ही केवल सूचना नहीं है बल्कि उससे पानी निकलना आवश्यक है।

यह भी दर्ज किया जाए कि बूथ पर हैंड पम्प का पानी पीने लायक है या नहीं।इसी तरह एएमएफ की सभी सूचनाएं सेक्टर मजिस्ट्रेट्स स्वयं निरीक्षण कर उपलब्ध कराएं।विद्युत व नेट कनेक्टिविटी की सूचना देना भी महत्वपूर्ण होगी।उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट्स आज ही सम्बन्धित बूथों का इंस्पेक्शन कर वांछित रिपोर्ट देंगे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।निर्वाचन का कार्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली अक्षम्य होगी।उन्होंने कहा कि पहुंच मार्ग की रिपोर्ट सही से दें ताकि मतदान से पहले उसे सही करा दिया जाए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरएस वर्मा, सीओ चकबंदी अजय वर्मा, बीएसए सूर्यभान, डीसी एनआरएलएम सत्यराम यादव, डीआईओएस एसपी सिंह, डिप्टी आरएमओ आर के पांडेय, सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट्स मौजूद रहे।

## एसपी द्वारा किया गया फायर स्टेशन, यूपी-112, कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण

**महोबा, (संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह द्वारा फायर स्टेशन/यूपी-112/कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों को चेक किया गया। गाडियों के रख-रखाव व साफ-सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं प्रभारी फायर स्टेशन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान टेस्टिंग आलार्म को बजाकर चेक किया गया । परिवाहन शाखा/स्टोर को भी चेक किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के रख-रखाव व गाडियों की साफ-सफाई के लिए प्रभारी फायर सर्विस उ0नि0 देवेश तिवारी की तारीफ की गई। इसके साथ ही यूपी-112 एवं जिला नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान प्रभारी यूपी-112 को निर्देशित किया गया कि रिस्पांस टाइम को बेहतर करते हुए कालर को हर-सम्भव मदद दी जाए । निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय,परिवाहन शाखा प्रभारी ललित नारायण द्विवेदी, रेडियो निरीक्षक, प्रभारी 112, प्रभारी फायर सर्विस उ0नि0 देवेश तिवारी मौजूद रहे।

## एसपी की फटकार पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का केस

**प्रतापगढ़ जिला संवाददाता।** उदयपुर थाना क्षेत्र के रांकी गांव मे रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना पर पुलिस द्वारा आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न करने पर पीडित ने जिले के एसपी से न्याय की गुहार लगाई। एसपी की फटकार पर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ बीते मंगलवार की रात मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के रांकी गांव निवासी अनिल सिंह ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि उनका गांव के राकेश सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। पीड़ित के अनुसार इसी रंजिश को लेकर बीती पचीस नवंबर को आरोपी ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पर आ धमके और घर मे घुसकर मारपीट किया। घटना को लेकर पीड़ित ने उदयपुर पुलिस को तहरीर दी लेकिन आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करने मे पुलिस हीलाहवाली करती रही। थक हार कर परेशान पीड़ित ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

## जन कल्याण के लिए धर्मसत्ता और राज्यसत्ता में समन्वय जरूरी: शंकराचार्य वासुदेवानंद

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** सनातन धर्म का मूल मानव मात्र का कल्याण है। इस मानव कल्याण को धर्म, जाति, क्षेत्र और भाषा के बंधनों से मुक्त रखा गया है। क्योंकि सनातन धर्म 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र पर ही जीवन के क्रिया - कलापों, आदेशों, मान्यताओं और वर्जनाओं को सुनिश्चित व निर्धारित करता है। यह बातें अलोपीबाग में चल रहे आराधना महोत्सव में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने बुधवार को अपने आशीर्वाद में भक्तों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि धर्म केवल धर्म होता है, जो धर्म नहीं है वही अधर्म है। जो अधर्म है वह किसी को भी नहीं करना चाहिए। धर्म क्या है क्या करना है या निर्धारित करना और बताना धर्म सत्ता अर्थात धर्म गुरुओं का कार्य है। और धर्म गुरु के बताए मार्ग पर चलना और चलने के लिए सुख सुविधा एवं साधन उपलब्ध कराना राज्यसत्ता का दायित्व है। पूर्व ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य गुरुओं की स्मृति में आयोजित आराधना महोत्सव में सातवें दिन प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर, त्रिवेणी बांध में वार्षिक पाटोत्सव में भव्य पूजा आरती और प्रसाद वितरण हुआ। कथा व्यास स्वामी श्रवणनंद ने अपने संगीतमय सरल और सहज वाणी से श्रीमद् भागवत महापुराण के प्रसंगों पर आधारित मानव जीवन में उपयोगी सनातन धर्म, कर्म व आचरण पर विस्तार से बताया। ज्योतिष्पीठ प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि 16 दिसम्बर को प्रातः 7 बजे से जयपुर निवासी प्यारे मोहन द्वारा रामचरितमानस का संगीतमय गायन वाचन, अपरान्ह 2 बजे से व्यास श्रवणनंद द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा एवं सायं 5:30 बजे से शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद का आशीर्वाद एवं आरती कार्यक्रम होगा।




**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं:– इलेक्ट /पीएस/ 20545 दिनांक:– 11.12.2021

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **विवरण:– 1. कार्य का नाम**– आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के एक हॉल (राइट विंग ग्राउंड फ्लोर), प्रशासनिक भवन में वीआरवी/वीआरएफ टाइप एचवीएसी सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य **2. कार्य स्थल**– आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना परिसर, लालगंज, जिला–रायबरेली। **3. अनुमानित लागत**– ₹ 4,97,308.00/– (रू चार लाख सन्तानबे हजार तीन सौ आठ मात्र) **4. निविदा प्रपत्र का मूल्य**– 0 शून्य **5. अमानत राशि** ₹ 9,900/– (रू नौ हजार नौ सौ मात्र) या निर्धारित प्रपत्र में बिड सेक्युरिटी घोषणापत्र। **6. कार्य समाप्ति की अवधि** 03 (तीन) माह। **7. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**– 10.01.2022 को समय 15.00 बजे। उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई

**ई–निविदा सूचना सं0 11/2021–22 (खुली)/उमुइं–I/एमसीएफ/आरबीएल**

उप मुख्य अभियंता–I, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है। **क्रम सं.– 1 कार्य का नाम**– आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर में 02 वर्षो के लिये अधिकारी विश्राम गृह, महाप्रबंधक आवास एवं टाइप VI आवासों को वार्षिक रखरखाव। **निविदा सं.**– 19/2021–22 **अनुमानित लागत लाख में** – 53725346.96 **निविदा खुलने की तिथि**– 17.01.2022 **कार्य समापन की अवधि** – 24 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअली ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है। और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● अधिक जानकारी के लिए, कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

उप मुख्य अभियंता–I

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 52/ईटी./2021–22 दिनांक: 13.12.2021**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 03215035 | सीट एंड बर्थ सेट फॉर एलडब्लूएसीसीडब्लू कम्पेटीबल विद एलडब्लूएसीसीएन सेल | 68 सेट | 11.01.2022 |
| 02 | 03215037 | सीट एंड बर्थ सेट फॉर एलडब्ल्यूएसीसीएन कोचेज | 190 सेट | 11.01.2022 |
| 03 | 12211252 | एक्सेल मॉउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टेम फॉर एलएचबी टाईप बोगी मेनलाइन कोचेज फॉर पारसेल वैन | 55 सेट | 04.01.2022 |
| 04 | 07211258 | इक्सट्रा हाई प्योरिटी नाईट्रोजन गैस | 81855 सीक्यूम | 07.01.2022 |

शुद्धि पत्र

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 49/ईटी/2021–22 दिनांक 26.11.2021 | टैन्डर न. 05211391 | मौजूदा मूल्य 3150 | संशोधित मूल्य 1822 | निविदा खुलने की तिथि– 14.12.2021 के स्थान पर 21.12.2021 पढ़े। |

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/विद्युत

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शार्ट सर्किट से कपड़े की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे में मंगलवार की देर शाम एक कपडे की दुकान में विद्युत वायरिंग की शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग लग गई जिसमें दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर बर्बाद हो गया सूचना के बाद पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत सिराथू के वार्ड दो परसीपुर निवासी राजकुमार केसरवानी की रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे तिराहे पर कपड़े की दुकान है राजकुमार मंगलवार की शाम को दुकान बंद करके घर चला गया। दस बजे रात के करीब दुकान के अंदर आग की उठती लपटें व निकाल रहे धुएं को देख आसपास के लोगों ने फोन कर मामले की जानकारी दुकान मालिक को दी जिसके बाद पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे लेकिन भीषण रूप अख्तियार कर चुकी आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था । मामले की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन के कर्मचारियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## नाले में पाया गया अधेड़ का शव

**कौशाम्बी, (संवाददाता)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के धाता रोड स्थित एक नाले में अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया सुबह उधर से गुजर रहे कस्बे के लोगो ने नाले के पास अधेड़ के शव को देखा तो सनसनी फैल गयी व घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पहुची पुलिस ने शव की पहचान कर मामले की जानकारी परिजनों को देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। धाता रोड में स्थित टेम्पो स्टैंड के नजदीक नाले में 45 वर्षीय एक अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया बुधवार की सुबह उधर से गुजर रहे कस्बे के लोगो ने नाले के पास अधेड़ का शव देखा तो मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर घटनास्थल पर पहुची पुलिस ने शव की पहचान सिराथू कस्बे के वार्ड नं पांच निवासी विजयभान यादव पुत्र स्व कामता प्रसाद यादव 45 वर्ष के रूप में करते हुए घटना की जानकारी परिजनों को देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया वही अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत बाइक रैली का आयोजित

**महोबा, (संवाददाता)।** सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार की संस्था सीएससी ई- गवर्नेंस सर्विजेज़ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटरों के माध्यम से विभिन्न लाभार्थी सेवाओं का अभियान चलाकर नागरिकों को पंजीकरण करने के क्रम मे आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत एक बाईक रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला मुख्यालय से उप कृषि निदेशक डॉक्टर सर्वेश यादव व सीएससी के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर शिवा, दीपक एग्रीकल्चर इंश्योरेंस के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुधीर कुमार सिंह द्वारा हरी झंडी ढिखाकर रवाना किया गया बाईक रैली करने का उद्देश्य किसान भाइयों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध मे जागरूक करना है।

# 466 एचआरपी में से 392 का सामान्य प्रसव,दो वर्षों में जिले में एचआरपी केस में आई कमी

**पिछले साल 950 तो इस बार 466 एचआरपी केस**

**महोबा, (संवाददाता)।** गर्भवती की समुचित देखभाल और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं ने सुरक्षित व सामान्य प्रसव की राह आसान बनाई है7 इसका नतीजा है कि जनपद में उच्च जोखिम गर्भावस्था (हाईरिस्क प्रेग्नेंसी- एचआरपी) के मामलों में कमी आई है। इसके अलावा चिकित्सक की सलाह और एहतियात से ज्यादातर एचआरपी के मामले भी सामान्य प्रसव में तब्दील हो रहे हैं। दो वर्षों में एचआरपी महिलाओं में भी कमी देखने को मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले साल (वर्ष 2020) अप्रैल से अक्टूबर तक 950 एचआरपी चिन्हित हुई थीं, लेकिन इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक जिले में 466 गर्भवती एचआरपी मिलीं। इसमें 392 के सामान्य प्रसव हुए हैं। जिला महिला अस्पताल में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अमिता सिंह ने बताया कि हर माह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस पर गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच की जा रही है। एचआरपी चिन्हित महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस श्रेणी की महिलाएं समय पर जांच और डाक्टर की सलाह मानें तो इसमें और भी कमी आ सकती है। इसके अलावा पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत तीन किश्तों में मिलने वाली 5000 रुपये की मदद और जननी सुरक्षा योजना भी इसमें बहुत कारगर साबित हो रही है। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता मान सिंह ने बताया कि अप्रैल से अक्टूबर तक जनपद में 8119 प्रसव कराए गए हैं। इसमें 7696 सामान्य प्रसव हुए हैं।

## भाजपा कार्यालय में विभिन्न मोर्चों की सामूहिक बैठक संपन्न

**महोबा, (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों एवं सम्मेलनों को सफल बनाने हेतु महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित मोर्चा, पिछड़ा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा की सामूहिक बैठक जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर की अध्यक्षता में संपन्न हुई मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में हर वर्ग हर जाति हर समाज के व्यक्ति को केंद्र एवं प्रदेश की सरकारों की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला है, आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के सभी मोर्चो को सक्रियता दिखाते हुए अपने अपने मोर्चो से संबंधित समाज के व्यक्तियों से मिलना है एवं पार्टी की गतिविधियों से अवगत कराना है! उक्त बैठक में जिला प्रवासी विक्रम बुंदेला, विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक दमोह एवं दर्जा प्राप्त मंत्री भूपेंद्र, राजकुमार, मंडल अध्यक्ष, मंडल के प्रभारी के साथ-साथ अन्य अपेक्षित जन उपस्थित रहे।

# पैसों के लेन-देन में हुई थी गणेश प्रसाद की हत्या

## ⇨ हत्याकांड में शामिल तीन अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा



पत्रकारों से वार्ता करते एएसपी एवं पीछे खड़े पकड़े गए अभियुक्त

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** तीन दिन पूर्व हथगाम थाना क्षेत्र के अन्तर्गत शाहपुर गांव के समीप एक किलोमीदूर दूर जंगल में वृद्ध की कुल्हाड़ी मारकर हत्या किए जाने के मामले का पर्दाफाश करते हुए थाना पुलिस ने तीन अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है। प्रथम दृष्ट्या पैसों के लेन-देन में वृद्ध की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच-पड़ताल में लगी है। पुलिस टीम की इस कामयाबी पर एसपी ने दस हजार रूपए ईनाम दिए जाने की घोषणा की है।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार बताया कि रविवार को हथगाम थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी गणेश प्रसाद 62 वर्ष अपनी दुकान बंद करके साइकिल से एक किलोमीटर दूर जंगल गया था। जहां अज्ञात लोगों ने उसकी कुल्हाड़ी से वार करके हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने परिजनों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी थी। हथगाम थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह अपने हमराही सिपाहियों के साथ लगातार हत्याभियुक्तों की तलाश में जुटे थे और विवेचना के दौरान प्रकाश में आए प्यारेलाल लोधी पुत्र स्व. छेदीलाल लोधी, धर्मेन्द्र कुमार लोधी उर्फ प्यारेलाल निवासीगण ग्राम मीरापुर थाना सुल्तानपुर घोष व कमलेश कुमार लोधी पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम इस्कुरी थाना खागा को लाडलेपुर सड़क किनारे बने प्रतीक्षालय से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से एक मोबाइल, घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी व छूरी तथा एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

एएसपी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या पैसों के लेन-देन में वृद्ध की हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। हत्याभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी के निर्देशन में दस हजार रूपए का ईनाम दिए जाने की घोषणा की गई है। खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी के अलावा वरिष्ठ उपनिरीक्षक गोविंद सिंह चौहान, आरक्षी कैलाश यादव व चंदन कुमार शामिल रहे।

## सरदार पटेल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** अखंड भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल के 71 वें परिनिर्वाण दिवस पर पटेल सेवा संस्थान ने पटेल नगर चौराहे पर स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पुनः राष्ट्रीयकरण व सहकारिता नीति के अभ्युदय हेतु प्रार्थना की। तत्पश्चात खलीलनगर स्थित संस्थान प्रांगण में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनके जीवन, कृतित्व और व्यक्तित्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थापक सदस्यों में राजबहादुर सिंह पटेल, हरिशंकर वर्मा, अध्यक्ष लालदेवेंद्र प्रताप पटेल, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र पटेल प्रखर, महामंत्री पुनीत वीर विक्रम, कार्यकारिणी सदस्य सभासद भानु प्रताप पटेल, संजीव पटेल, राकेश कुमार पटेल, प्रवीण पटेल, रबी पटेल भी मौजूद रहे।

# आरओ प्लांट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विष्णु, महासचिव शादाब

## 16 सदस्यीय इकाई का किया गठन



नवमनोनीत पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत करते संस्थापक प्रदीप गर्ग

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** आदर्श व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश पंजीकृत की बैठक संपन्न की गई। जिसमें संगठन की नई शाखा आरओ प्लांट एसोसिएशन का गठन करते हुए अध्यक्ष उपाध्यक्ष समेत कार्यकारिणी को मनोनीत किया गया। बुधवार को आदर्श व्यापार मंडल की एक बैठक प्रधान कार्यालय गर्ग आवास में आहूत की गई। जिसमें आरओ प्लांट एसोसिएशन का गठन करते हुए जिलाध्यक्ष पद पर विष्णु प्रकाश दीक्षित, महासचिव शादाब खान एवं कोषाध्यक्ष वीर सिंह, उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ मीडिया प्रभारी शाद अहमद को मनोनीत किया गया। वहीं बृजेंद्र सिंह, रिंकू गुप्ता, रितेश गुप्ता, मोहम्मद ताहा, मोहम्मद मुनव्वर, अतुल यादव, अशोक कुमार, इमरान खान, धीरेंद्र सिंह, धीरेंद्र यादव आदि लोगों को संगठन की जिम्मेदारी दी गई। संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने नवमनोनीत कार्यकारणी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवमनोनीत कार्यकारणी को संबोधित करते हुए संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न हरगिज़ बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होने व्यापारियों से एकजुट होकर कार्य करने व संगठन को मंज़बूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही सदस्यता अभियान के जरिए व्यापारियों को संगठन से जोड़ने की अपील की। इस मौके पर प्रांतीय महामंत्री काली शंकर श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष इंद्रेश श्रीवास्तव, रविंद्र द्विवेदी, मान सिंह पटेल, हनी श्रीवास्तव, प्रशांत पटेल, हेमंत बाजपेई, रवि तिवारी, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

## गौरव ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** शहर के रेल बाजार मुहल्ला निवासी गौरव शर्मा ने रक्तदान करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि एक साल पहले परिवार को रक्त की आवश्यकता थी। सर्व फार ह्यूमैनिटी टीम ने उनकी मदद की थी। अब वह भी रक्तदान के लिए तैयार हैं और रक्तदान करना चाहते है। उन्होने जिला अस्पताल पहुंच कर अपना दूसरा रक्तदान किया। इस अवसर पर टीम से गुरमीत सिंह, अभय मिश्रा, वरदवर्धन विसेन, मेधा मिश्रा, अशोक शुक्ला, बृजेश, लेब टेक्नीशियन पूजा, दीपाली वर्मा, अजय, राजू कैथवास उपस्थित रहे।

# गड्ढों में तब्दील टेकारी-हथगाम मार्ग, जोखिम भरा सफर

- वर्ष 1995-96 में बनी थी सड़क, तीन साल पहले हुई थी मरम्मत
- खागा से हथगाम कस्बा जाने के लिए बहुतायत होता इस्तेमाल



जर्जर टेकारी-हथगाम मार्ग से गुजरते वाहन

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** नौबस्ता रोड से टेकारी गांव होकर हथगाम कस्बा को जोड़ने वाली सात किमी सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। 25 साल पहले इस सड़क का निर्माण हुआ था। तीन साल पहले विभाग ने सड़क की मरम्मत कराई। उसके बाद से सड़क मरम्मत की दिशा में कोई काम नहीं हुआ। गड्ढों की वजह से वाहन सवार बेहद जोखिम लेकर इधर से निकलते हैं। इधर से सफर करने वाले वाहन सवारों की मानें तो यदि सड़क अच्छी हो तो खागा से हथगाम पहुंचने में बमुश्किल 15 मिनट का समय लगेगा। तहसील मुख्यालय आने वाले लोग नौबस्ता रोड से टेकारी गांव होकर हथगाम कस्बा जाने के लिए इसी मार्ग का प्रयोग करते हैं। इधर से आवागमन करने वाले वाहन सवार खराब सड़क की वजह से दूसरे मार्गों का इस्तेमाल करते हैं। बचानी-सेमरहा, अशोक-अजनई, ओमकार-बिछ्छर, शिवचंद्र शुक्ल-फतेहपुर टेकारी, राजू मौर्य-गुराव का पुरवा, अनिल यादव-पैगापुर आदि ग्रामीणों ने बताया कि बहेरा चौकी होकर हथगाम कस्बा जाने में 16 किमी दूरी तय करनी पड़ती है। टेकारी होकर हथगाम जाने में बमुश्किल दस किमी ही सफर करना पड़ता है। सड़क में गिट्टियां उखड़ने की वजह से दो पहिया, साइकिल सवार तथा पैदल राहगीर दुर्घटना का शिकार होते हैं। गड्ढों की वजह से चार पहिया व अन्य दूसरे वाहनों से हिचकोले खाते सफर पूरा होता है। इस मार्ग से खागा, गोपालपुर, कटरवेरवा, नया पुरवा, धर्मदासपुर, रोशनपुर टेकारी, फतेहपुर टेकारी, जशराजपुर, अजनई, बिछ्छर, सेमरहा, खेमकरनपुर, आलीमऊ, पैगापुर, धमंगलपुर आदि 20 से अधिक गांवों के लोग निकलते हैं।

### नवनिर्माण हेतु भेजा जाएगा प्रस्ताव

**खागा/फतेहपुर, (संवाददाता)।** लोक निर्माण विभाग के जेई विकास भारती ने बताया कि तहसील मुख्यालय से हथगाम कस्बा व ब्लाक मुख्यालय के लिए बहुतायत वाहन सवार इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। बीच-बीच में सड़क की मरम्मत कराई जाती है। हाल ही में पैचिंग हुई थी। टेकारी-हथगाम मार्ग के नवनिर्माण का प्रस्ताव दिया गया है। इसे ओडीआर में शामिल कराने की योजना है।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में चैम्पियन बनी लल्ली दीक्षित

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के क्रीड़ा समारोह का भव्य समापन क्रीड़ा स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता चन्द्रदेव नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अपर्णा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करके किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग श्रीवास्तव रहे। क्रीड़ा चैम्पियन लल्ली दीक्षित ने चक्का फेंक में प्रथम, लम्बी कूद में प्रथम, रस्सी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कई खेलों में प्रतिनिधित्व करके क्रीड़ा चैम्पियन रहीं। मुख्य अतिथि चन्द्रदेव नारायण सिंह ने अपने उद्बोधन में इस बात पर विशेष बल दिया यदि हमें ऊँचाई पर पहुँचना है तो उद्देश्य निश्चित करना होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अपर्णा मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छात्राओं की उपलब्धियाँ महाविद्यालय को गौरवान्वित कर रहीं हैं। इन क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भी जिस तरह से छात्राओं ने अत्यन्त लगन, कौशल एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया, उससे हम सब गौरवान्वित हैं।

# झंडा लगाओ अभियान की सपाईयों को सौंपी जिम्मेदारी

## ⇨ अभियान के जरिए सपा सरकार के दौरान किए गए कार्यों को गिनाया जाएः विपिन




बैठक में विचार-विमर्श करते सपाई

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी का झंडा लगाओ अभियान को सफल बनाने के लिए बुधवार को सपाईयों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपकर जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने अभियान के जरिए सपा सरकार के दौरान किए गए कार्यों को गिनाए जाने का आहवान भी किया।

शादीपुर स्थित पार्टी कार्यालय में एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष, प्रभारी, विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले सभी आवेदकों, प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक बूथ कार्यकर्ता, समर्थक एवं शुभचिंतकों के घरों, वाहनों पर पार्टी का झंडा अनिवार्य रूप से लगाने व कार्य को स्थापित करके रिपोर्ट देने के लिए सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों का पालन सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से निभाएंगे। पार्टी के हर कार्यकर्ता के घर पर झंडा लगाने का काम पूरी तत्परता से साथ किया जाएगा। अभियान के जरिए सपा सरकार के समय किए गए जनहित के कार्यों को गांव-गांव बताने का काम करें।

उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है किसान, नौजवान, व्यापारी, मजदूर, बुनकर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। इसलिए 2022 के विधानसभा चुनाव में पुनः सपा सरकार बनाकर उत्तर प्रदेश को खुशहाली के मार्ग पर प्रशस्त करें। इस मौके पर पूर्व विधायक मदन गोपाल वर्मा, दलजीत निषाद, रीता प्रजापति, रामेश्वर दयाल दयाल, चंद्र प्रकाश लोधी, सत्यामानन्द गिरि, देवी गुलाम कुशवाहा, जयकरन यादव, मोईन खान, वंदना राकेश शुक्ला, शकूर राणा, शमीम अहमद, नरेन्द्र मिश्रा, नफीस उद्दीन, कविता अग्निहोत्री, रामतीर्थ परमहंस, वीरेन्द्र यादव, रहीम राईन कादरी, नफीसा बानो, कलीम शेख, राजू साहू, रवीन्द्र यादव, विवेक उमराव, जंग बहादुर मखलू, मतीन अहमद, शकील अकबर, अरूण यादव, सलमान सिद्दीकी, ओवैस फारूकी, राम प्रताप पटेल, फैजुल अहमद आदि मौजूद रहे।

## 31 दिसंबर तक कराएं प्रवेश

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. रामनरेश कुमार ने बताया कि आईटीआई में वर्तमान में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। संस्थान में प्रवेश के प्रथम, द्वितीय, तृतीय चरण के प्रवेश पूर्ण हो चुके हैं। जनपद के समस्त राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चतुर्थ चरण के प्रवेश हो रहे हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक विस्तारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 दिसंबर तक अपने आवेदन नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जमा कर सकते हैं।

## कांग्रेसियों ने जयसिंहपुर में दिया ज्ञापन

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** बुधवार को कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सदर विधानसभा की खराब सड़कों व अन्य समस्याओं को लेकर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम जयसिंहपुर को सौंपा। समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता जयसिंहपुर तहसील पहुंचे। कांग्रेसियों ने जयसिंहपुर के एसडीएम अरविन्द कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है जयसिंहपुर क्षेत्र की दोस्तपुर-मोतिगरपुर मार्ग, मोतिगरपुर-गोशैसिंहपुर मार्ग, सेमरी-बिरमलपुर मार्ग, टेहसा मार्ग, मुइली-चांदपुर सड़क व बगियागांव-बिरसिंहपुर मार्ग समेत कई मार्गो की हालत बेहद खराब है। धान क्रय केंद्रों पर सही तरीके से धान की खरीद नही हो रही है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जयसिंहपुर इलाके की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो गई हैं। जर्जर सड़कों पर यात्रियों को परेशानी हो रही है।

# संयुक्त शिविर का शहरवासियों ने उठाया लाभ

## ⇨ 86 श्रमिक कामगारों ने कराया पंजीयन, 53 ने बनवाया खाद्य लाइसेंस ⇨ 55 विद्युत बिलों का हुआ त्रुटि सुधार, 17 ने बढ़वाया भार



शिविर का लाभ उठाते लोग

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे के दिशा-निर्देशन में उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के सहयोग से शहर के पटेलनगर चौराहे पर मेगा संयुक्त कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें विद्युत समस्याओं के साथ-साथ श्रमिक कल्याण, खाद्य लाइसेंस व कोविड टीकाकरण कराया गया। समाधान शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं ने 2 लाख 20 हजार रुपये जमा करते छूट प्राप्त की। 55 त्रुटि पूर्ण बिल सुधार हुए। 17 उपभोक्ताओं ने विद्युत भार बढ़वाया। 86 श्रमिक कामगारों ने श्रमिक पंजीयन कराकर लाभ प्राप्त किया। 53 खाद्य व्यापारियों ने खाद्य लाइसेंस बनवाए। एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने कोविड टीकाकरण कराते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा प्राप्त की। संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने कहा कि जन की सेवा मन से करके हार्दिक प्रसन्नता प्राप्त होती है। सेवा संस्कार समर्पण की भावना अग्रसित रहती है। जो निरंतर जारी रहेगी। मेगा शिविर में अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, उपखंड अधिकारी संजय कुमार, जेई उमाकांत गौतम, अभिनव कुमार सहायक श्रम आयुक्त सुमित कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सीएल यादव, महेन्द्र कुमार यादव, विकास सिंह, डा. आफाक व कोविड टीम के साथ व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, चंद्रप्रकाश, बब्लू गुप्ता, मनोज साहू, प्रेमदत्त उमराव, श्रवण कुमार दीक्षित, मनोज मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार तिवारी भी मौजूद रहे।

## 23 दिसंबर को कृषक होंगे सम्मानित

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी (रा0ज0) ईईसी खागा एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी खागा, बिंदकी एवं फतेहपुर को निर्देश दिए कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस 23 दिसंबर को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया जाना है। जनपद स्तर पर 23 दिसंबर को मध्यान्ह 12 बजे विकास भवन सभागार में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं शाकभाजी उत्पादन में चयनित कृषको को सम्मानित किया जाएगा। किसान प्रदशनी भी आयोजित की जाएगी। महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कृषको को भी सम्मानित किया जाएगा। निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से इसका प्रचार-प्रसार कराते हुए अधिक से अधिक कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित कराएं तथा किसान सम्मान दिवस में स्वंय भाग लेना सुनिश्चित करें।

## सपा यूथ ब्रिगेड पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने निकाली साइकिल यात्रा

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दिन मंगलवार को साइकिल यात्रा निकाल कर शासन की विफलताओं को उजागर किया कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव मे लोगों को सपा शासनकाल की विशेषताओं को बताया विधानसभा अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड सुनील यादव के नेतृत्व में रानीपुर कायस्थ दौलतपुर राणा नगर तुलसी नगर चादा रोड पटेल चौक होते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंची वक्ताओं ने समाजवादी पार्टी की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया इस मौके पर यूथ ब्रिगेड के विधानसभा सचिव सलीम अंसारी विधानसभा उपाध्यक्ष आरिफ अंसारी लाल बहादुर पासी एजाज अहमद सुनील गौतम सैफ अंसारी मीडिया प्रभारी यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जन विश्वास यात्रा को सफल बनाने की भाजपाईयों ने बनाई रणनीति

## 23 को जिले में प्रवेश करेगी यात्रा

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बुधवार को जन विश्वास यात्रा को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में क्षेत्रीय यात्रा प्रभारी राम किशोर साहू ने यात्रा विषय पर प्रकाश डाला। श्री साहू ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 19 दिसंबर को झांसी में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 52 विधानसभाओं से होकर यात्रा जाएगी और समापन समारोह बिठूर में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे ने कहा कि यात्रा जनपद में 23 दिसंबर को प्रवेश कर खागा, हुसैनगंज होते हुए सदर विधानसभा पहुंचेगी व रात्रि विश्राम कर दूसरे दिन सुबह बिंदकी, अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र से बांदा जिले की तिंदवारी के लिए प्रस्थान करेगी। जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में सभाएं होंगी। यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले देवालयों में वंदन प्रणाम किया जाएगा। उन्होंने बताया कियात्रा में महापुरुषों का भी पुष्पार्जन कर उनके अथाह राष्ट्रीय प्रेम को याद किया जाएगा। पन्ना मध्य प्रदेश के पूर्व जिलाध्यक्ष व जिला प्रवासी सदानंद गौतम ने कहा कि यात्रा के दौरान पार्टी द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य शुरू किया जायेगा। बैठक में जन विश्वास यात्रा प्रभारी पुष्पराज पटेल, सहप्रभारी रामप्रताप सिंह गौतम, नीरज सिंह, उदय लोधी, शिवप्रताप सिंह, कुलदीप भदौरिया, प्रवीण सिंह, पंकज त्रिपाठी, विकास पासवान, ओम मिश्रा, नीरज बाजपेई के अलावा मंडल प्रभारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## यादव महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने शीतल



**फतेहपुर, (संवाददाता)।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने संगठन मजबूती के उद्देश्य से शीतल यादव को संगठन का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत कर दिया। खागा नगर स्थित कार्यालय में उन्हें मनोनयन पत्र सौंपकर यादव महासभा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष शीतल यादव ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ उन्हें संगठन में जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह बखूबी निर्वहन करते हुए महासभा की नीतियों एवं रीतियों को जन-जन के बीच पहुंचाकर संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे। उन्होने कहा कि समाज की समस्याओं को लेकर संघर्ष का रास्ता अख्तियार किया जाएगा। समाज के लोगों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनके मनोनयन पर बधाई देने वालों का ताला लगा रहा।

## पशुपालन व डेयरी फर्मिंग कर बने आत्मनिर्भर



प्रशिक्षण को संबोधित करते प्रसार वैज्ञानिक डा. नौशाद आलम

**फतेहपुर, (संवाददाता)।** लाभकारी पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन से किसानों की क्षमता विकास योजनांतर्गत डेयरी फार्मिंग विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आरडी अहिरवार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। मुख्य अतिथि व अतिथियों ने आत्मनिर्भर भारत के तहत पशुपालन डेयरी फार्मिंग की पुस्तक का विमोचन किया। तकनीकी सत्र के प्रथम दिवस डॉ. देवेंद्र स्वरूप पशु वैज्ञानिक कार्यक्रम संयोजक ने डेयरी फार्मिंग एक सशक्त माध्यम तथा मुख्य गोवंश व भैंस की जातियों तथा प्रबंधन पर चर्चा किया। प्रसार वैज्ञानिक डॉ. नौशाद आलम ने पशुधन उत्पाद से मृदा स्वास्थ्य संवर्धन व जैविक कृषि पर अपना व्याख्यान दिया। वैज्ञानिक डॉ. जगदीश किशोर ने पशुधन के साथ मशरूम व मौन पालन तथा आय संवर्धन पर चर्चा किया। कार्यक्रम सहायक गृह विज्ञान डॉ अलका कटिहार ने स्वच्छ गुड उत्पादन के साथ दूध के गुणवत्ता युक्त पदार्थ छेना, पनीर आदि पर विस्तृत चर्चा की। मुख्य अतिथि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अहिरवार ने अनुरोध किया कि समय पर कृमि नाशक देने से पशु स्वस्थ रहता है एवं लागत घट जाती है। प्रज्ञा ग्रामोत्थान समिति के सचिव उमेश चंद्र शुक्ला ने स्वयं सहायता समूह के सफल संचालन व व्यवसाय पर चर्चा किया। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके तिवारी ने प्रमुख बीमारियों रोग प्रबंधन, टीकाकरण तथा विभागीय योजनाओं के साथ पशुधन किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ एवं गौ संवर्धन पर विस्तृत चर्चा किया। प्रशिक्षण में हसवा, बहुआ, मिटौरा ब्लाक के स्वयं सहायता समूह के 50 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया।

# उचित पैसे में ग्राहकों को मिलेगी लक्जरी होटल की सुविधा

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** शहर से सटे कस्बा पांचोपीरन मे द फोर सीजन होटल की ग्रैंड ओपनिंग मंगलवार को हुई होटल मैनेजमेंट अथॉरिटी कुलज्योति श्रीवास्तव ने बताया कि फोर सीजन होटल मैं ग्राहकों को सर्वोत्तम होटल की सुविधा उचित पैसे में मिलेगी. होटल के मालिक मोहम्मद समीर ने बताया कि होटल में रेस्टोरेंट लग्जरी रूम के अलावा बैंक्वेट हॉल है होटल में ग्राहकों के लिए लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है होटल में 20 कमरे हैं सभी कमरों में नेचुरल लुक दिया गया है. होटल का नाम फोर सीजन का मतलब है कि 4 तरीके के मौसम होते हैं हर मौसम में ग्राहकों को मजेदार आरामदायक सुविधाएं होटल में मिलेंगी. होटल के मालिक समीर खान ने बताया कि उनका कारोबार विदेश में है खाड़ी देश में उन्हें नागरिकता दी जा रही थी लेकिन उन्होंने नागरिकता नहीं ली क्योंकि उन्हें अपने वतन से सबसे ज्यादा प्यार है और अपनी मातृभूमि सुल्तानपुर के लिए कुछ करने का जज्बा उनके अंदर बचपन से था कारोबार में कामयाबी मिलने के बाद उन्होंने सुल्तानपुर में यह होटल बनाकर अपने सपने को पूरा किया है। पार्टनर कुल ज्योति ने बताया कि उनका मकसद होटल से कमाई करना ही नहीं बल्कि उस कमाई से गरीबों की मदद की जाएगी। गरीब लड़कियों की शादी कराई जाएगी गरीबो के बच्चों को पढ़ाई में मदद की जाएगी होटल खुलने से शहर के हर वर्ग में काफी खुशी है उद्घाटन में शरीक होने वाले हर तबके के लोगों ने होटल की खूबसूरती को सराहा और कहा कि फोर सीजन होटल हम लोगों के लिए गर्व की बात है ओपनिंग कार्यक्रम में मौजूद राजबीर श्रीवास्तव का संगीत तथा सिंगर मकसूद ने देश भक्ति व रोमांटिक गाने पेश करके कार्यक्रम में मौजूद लोगों का दिल जीत लिया होटल के ग्रैंड ओपनिंग कार्यक्रम में बसपा नेता यश भद्र सिंह मोनू, चन्दन नारायण सिंह बीजेपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक अनूप संडा, विधायक ओ पी सिंह, जफर खान मोईद अहमद रंगोली निसार फौजी शफीर खान एसएन यादव मोहम्मद अनवर एडवोकेट के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मांगपत्र

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लंभुआ इकाई के नेतृत्व में लंभुआ में शिक्षकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया एवं ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह की अध्यक्षता में खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली, बेसिक विद्यालयों में कार्यरत संविदा कर्मियों को स्थाई करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षक विरोधी प्रावधानों को समाप्त करने व वेतन विसंगति को दूर करने आदि विभिन्न मांगों की मांग की। मौके पर मंत्री द्वारिका प्रसाद, कोषाध्यक्ष आकबाल खान, संध्या पाठक, मातादीन, बृजेश सिंह आदि शिक्षक मौजूद थे।

## मण्डलीय खिलाड़ियों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर बीएसए ने किया रवाना

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** 16 व 17 को अम्बेडकर नगर जनपद के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिले से 157 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमें भदैया ब्लॉक से 42 व बल्दीराय के 10 खिलाड़ी बुधवार को पुराने सर्वशिक्षा अभियान कार्यालय बस से रवाना हुए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीवान सिंह ने प्रतिभागी खिलाड़ियों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी व व्यायाम शिक्षिका श्रद्धा सिंह ने बताया कि एकलव्य स्टेडियम अंबेडकर नगर मे 16 व 17 दिसंबर को आयोजित होने वाली खेल कूद स्पर्धा मे अलग - अलग खेल कबड्डी, खो- खो, दौड़, लंबीकूद, ऊंची कूद आदि में जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित 157 बच्चे प्रतिभाग करेंगे। मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए भदैया ब्लॉक सबसे अधिक खिलाड़ी सेलेक्ट किए गए हैं।

# नपाप चेयरमैन पति की महात्मा गांधी पर टिप्पणी से युकां नाराज

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** नगर पालिका चेयरमैन के पति व पूर्व जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता अजय जायसवाल की ओर से राष्ट्रपिता पर महात्मा गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के खिलाफ युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष वरुण मिश्रा ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन व नगर कोतवाली तहरीर देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। श्री मिश्र ने अजय जायसवाल को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। श्री मिश्र ने कहाकि नगर पालिका चेयरमैन बबीता जयसवाल के पति भाजपा नेता अजय जयसवाल मर्यादा की सीमाएं लांघी है। कहाकि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशों में जाकर गांधी जी के चरण छूते हैं और दूसरी तरफ उन्हीं के पार्टी के पदाधिकारी गांधी जी को कामुकता का देवता बताते हैं। यही भाजपा के आचरण में बसा हुआ है। दोहरा चरित्र इनका पेशा बन चुका है। सत्ता के नशे में इतना पागल हो चुके हैं कि महात्मा गांधी जैसे महापुरुष पर टिप्पणी करने से भी नही चूक रहे हैं। कहाकि अजय जायसवाल ने पहली बार ऐसा काम नहीं किया है। कई बार उन्होंने महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणियां की हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने आज तक उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। इससे यह प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी अजय जायसवाल के इस बयान का समर्थन करती है। श्री मिश्र ने चेतावनी देते हुए कहाकि यदि अजय जायसवाल के खिलाफ 24 घंटे के भीतर एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जिले के कप्तान का घेराव करेंगे। कहाकि महापुरुषों का अपमान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। यहां पर युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, महासचिव आलोक चतुर्वेदी, दुबेपुर के अध्यक्ष विवेक ओझा, आशुतोष मिश्रा, युसूफ खान, शहबाज अहमद, आवेश अहमद व आलोक दुबे समेत कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संपादकीय

## समझौतापरस्ती, बस तेरा ही आसरा

नई सदी आई, लोगों की समझ बदल गई। बात का लहज़ा बदल गया। जीने का तौर-तरीका बदल गया। आज वही कामयाब है जो मौका देख कर केंचुल बदल जाए। अभी कुछ चुनाव संपन्न हुए। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है अपना देश। मतदान की बड़ी शक्ति बताई जाती है। कहते हैं यहां सत्ता परिवर्तन बुलेट अर्थात बंदूक की गोली से नहीं, बैलेट यानी वोट से होता है। इसके बाद नतीजा निकलता है। जो चुनाव संघर्ष में एक-दूसरे के साथ कीचड़ की होली खेल रहे थे, आरोपों और लांछनों की कथनी अतिकथनी के दांव चल रहे थे, वही चुनाव परिणाम के दिन पांसा पलटता देख एक-दूसरे के गले लगते देर नहीं लगाते। समझौतापरस्ती हवाओं में तैरने लगती है। जनता और उसके लिए क्रांति कर देने की घोषणा गई तेल लेने। गरीब का हित साधने की बात तो ऐसा टकसाली सिक्का है जो हर पैंतरा बदलता बैसाखी के रूप में अपनाता है। फिर सरकार का दायित्व, प्रशासन में असमंजस को खत्म करना और क्रांति के लिए देर आयद दुरुस्त आयद की नई शब्दावली सामने आ जाती है। भक्तजनों के झांझ मंजीरों के स्वर तेज़ हो जाते हैं। नायक पूजा का सुर बदल जाता है। वंश पूजा के रास्ते ही जनपूजा का रास्ता बताया जाता है। हर बार ऐसा होता है। जो क्रांति धर्मी नेता सरकार विरोधी लहर का परचम लहरा रहे थे, ने चुनाव परिणाम देख कर अपने धुर विरोधी को विजेता बनते देख उसका तंवर झूलने लगते हैं। इतिहास के नए पन्ने खुल जाते हैं। बताया जाता है कि बाप-दादा के ज़माने से ही वे लोग एक साथ चलने का इतिहास जी चुके हैं। सवाल अब साहिब नया इतिहास बनाने का है, जो विजेता है, वही त्रेता है। हम तो अपने भले के लिए ही उनके हाथ बिक गए। वायदा करते हैं कि हम रंग बदलने के बाद भी रियाया का ध्यान रखेंगे। जनाब अकबर इलाहाबादी भी फरमा गये हैं, 'हाकम को बहुत फिक्र है रियाया की, लेकिन अपना डिनर खाने के बाद।' लीजिए, गद्दियों पर चेहरे बदल गए। कल जो चुनावी भाषणों में एक-दूसरे की सात पुश्तें उधेड़ रहे थे, आज भय्या-भय्या कह कर एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। नेतागिरी का शब्दकोष समृद्ध है। जनहितैषी पुरानी घोषणाओं के मृत होते ही नई घोषणाएं जन्म ले लेती हैं। 'आया राम गया राम' का चलन पुराना हो गया। अब उसको नया शीर्षक मिल गया, 'गठजोड़ की राजनीति'। समझौता परस्ती सुविधाजनक ही नहीं, सम्मानजनक बन गई। दावों और घोषणाओं का क्या है? फैशन बदल जाने के साथ जैसे पुराने कोट उतर जाते हैं और नए परिधान उनका स्थान ले लेते हैं, इसी तरह नए दावे और नई घोषणाएं हवा में तैरने लगती हैं। सब में किसान, मजदूर और आम आदमी के जीवन के कायाकल्प की बातें हैं। महंगाई नियंत्रण के वायदे हैं। भ्रष्टाचार उन्मूलन की कसमें हैं। और आजकल सर्वोपरि हो गया राष्ट्र धर्म, मेरा देश महान और झंडा ऊंचा रहे हमारा। कोई नहीं पूछता कि साब कल तो आप यही नारे कोई और झंडा उठा कर लगा रहे थे। परिणाम आते ही झंडे का रंग बदल गया। समझते नहीं आप, नाम में क्या रखा है?

## कर्मचारी सियासत में सदन

क्या हिमाचल कर्मचारी राजनीति के बाहुपाश में फंस गया है या अब चुनाव का यही दस्तूर चलेगा। यह सवाल इसलिए भी कि दोनों प्रमुख राजनीतिक दल इसी आईने के सामने चेहरा साफ कर रहे हैं। शीतकालीन सत्र से पहले जेसीसी बैठक के बहाने सरकार ने दिल खोलकर आजमाइश की तो, सदन के बहाने विपक्षी कांग्रेस ने भी अपने अरमान पूरे किए। सदन के भीतर रोष स्वरूप कांग्रेस की हरकतें उस कालीन पर बिछ गईं, जहां राजनीति के सपने भी कर्मचारी चाटुकारिता में तल्लीन देखे गए। एक असामान्य घटनाक्रम में सोमवार का सत्र, विपक्ष को अकल्पनीय मुद्रा में अपनी नाटकीय सरकार की दरी बिछाते हुए देखता है। आक्रोश की भूमिका में विपक्षी साज अगर बजे, तो वहां प्रदेश के अहम मुद्दों में सिर्फ कर्मचारी ही रहे यानी काल्पनिक प्रस्तावों में ओल्ड पेंशन स्कीम, आउटसोर्स कर्मियों को अनुबंध, पुलिस कर्मियों को नियमित पे बैंड व एसएमसी कर्मियों के नियमितिकरण को कांग्रेस अपना औजार मान रही है। आक्रोश की गलियों में कांग्रेस की आंखें सिर्फ कर्मचारी ही देख रही हैं, तो गुस्से की लाली भी फरेबी है। झूठमूठ की सरकार बनाकर कांग्रेस नौटंकी कर सकती है, लेकिन इस नाटक का विधवा विलाप केवल कर्मचारी मसले ही रहेंगे। क्या राजनीति की यही अवधारणा प्रदेश को आत्मनिर्भर बना सकती है। क्या हिमाचल के सारे मसले केवल कर्मचारी हित ही रहेंगे या बारह लाख बेरोजगारों के लिए भी कोई पार्टी सामने आएगी। हम कांग्रेस को विधानसभा से सड़क तक संघर्ष में देखना चाहेंगे और यह भी कि पार्टी अपने मंतव्य के ग्रॉफ में जितना उठना चाहे, मीडिया के लिए यह संतोष की बात होगी, लेकिन प्रदेश के भविष्य को केवल कर्मचारी सियासत में गूंथना सही नहीं होगा। हिमाचल के अस्तित्व और भविष्य के लिए कई गम हैं। रोजगार के अवसरों को लेकर चिल्ल पौं हो सकती हैं, लेकिन इसके पैमाने में सिर्फ सरकारी नौकरी ही क्यों। हिमाचल का सबसे अधिक रोजगार निजी क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, पर्यटन, परिवहन, शिक्षा-चिकित्सा और स्वरोजगार के जरिए फल फूल रहा है। आज प्रदेश के आर्थिक संसाधन जिस तरह बंट रहे हैं या सामाजिक व आर्थिक असमानता इसलिए पैदा हो रही है, क्योंकि राजनीति का दस्तूर केवल सरकारी क्षेत्र की अमानत में पलते समुदायों के विशेषाधिकारों से सुसज्जित करके चल रही है। कर्मचारी हितों में प्रदेश का पच्चास फीसदी बजट पहले ही कुर्बान हो चुका है, श्रीमन कांग्रेस यह बताए कि उसकी कर्मचारी कल्पनाशीलता या उदारता की दरगाह पर बजट का और कितना हिस्सा चढ़ाया जाए। ओपीएस ही अगर लागू करना है, तो अतिरिक्त धन किस जेब से आएगा। आश्चर्य यह कि हिमाचल के लगभग सभी निजी विश्वविद्यालय व इंजीनियरिंग कालेज इसलिए अपनी क्षमता को लुटा हुआ पा रहे हैं, क्योंकि प्रदेश के बच्चे उच्च व प्रोफेशनल शिक्षा के लिए बाहर देश-विदेश में प्रस्थान कर रहे हैं। आज अगर इंजीनियर बेकार हो रहे हैं।

# ऐतिहासिक युद्ध की जयंती पर शौर्य को नमन

**प्रताप सिंह पटियाल**

पूर्वी पाक में तैनात पाक सैन्य कमांडर 'अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी' ने 16 दिसंबर 1971 को ले. ज. 'जगजीत सिंह अरोड़ा' को अपनी पिस्तौल सौंप कर गमगीन माहौल में 93 हजार पाक सैनिकों के सरेंडर के कागज़ात दस्तखत करके आत्मसमर्पण कर दिया

16 दिसंबर 1971 शौर्य पराक्रम से भरे भारतीय सैन्य इतिहास का वो स्वर्णिम अध्याय है जब भारतीय सैन्यशक्ति ने हमशाया मुल्क पाकिस्तान को वजूद में आने के बाद मात्र 24 वर्षों में ही तकसीम करके उसके पूर्वी हिस्से को आजाद मुल्क बांग्लादेश में तब्दील करके पाकिस्तान का भूगोल बदली कर दिया था। बांग्लादेश की आवाम को पाकिस्तान से आज़ादी के उन लम्हों का मुद्दत से इंतजार था। आज भारत 1971 के उसी ऐतिहासिक युद्ध की 50वीं वर्षगांठ को 'स्वर्णिय जयंती' के रूप में मना रहा है। 3 दिसंबर 1971 के दिन पाकिस्तान की वायुसेना ने 'ऑपेशन चंगेज खान' के तहत भारत के 11 हवाई अड्डों पर बमबारी करके बहुत बड़ी जहालत को अंजाम दिया था। आधिकारिक तौर पर युद्ध की पूर्ण पैमाने पर शुरुआत 3 दिसंबर 1971 को हुई थी। मगर भारत-पाक की उस खूनी जंग के हालात अचानक नहीं बने थे। दरअसल पूर्वी पाक यानी मौजूदा बांग्लादेश के लोगों ने पाकिस्तान के सैन्य हुक्मरानों के तानाशाही रवैये से तंग आकर अपनी बंगाली अस्मिता व संस्कृति की आज़ादी का बिगुल फूंक दिया था।

पूर्वी पाक की आवाम के बगावती तेवर तथा अपनी आज़ादी के लिए उठाई जा रही मांग पाक हुक्मरानों को नागवार गुजरी। बांग्ला लोगों की आवाज को खामोश करने के लिए पाक सैन्य कमांडरों ने पूर्वी पाक में 25 मार्च 1971 को ले.ज. टिक्का खान की कयादत में 'आप्रेशन सर्च लाइट' के तहत व्यापक हिंसा को अंजाम देकर लाखों निर्दोष बांग्ला लोगों का बर्बरतापूर्ण नरसंहार शुरू किया था। पाक सेना के अत्याचारों से मजबूर होकर लाखों बांग्ला लोग भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में शरण लेने को मजबूर हुए। जब भारत की मानवीय अपीलों का पाक सिपहसालारों पर कोई असर नहीं हुआ, तब बांग्लादेश के लोगों को पाक सेना के जुल्मोंसितम की इंतहा से बचाने के लिए भारतीय सेना ने 20 नवंबर 1971 की रात को पूर्वी पाकिस्तान में एक सैन्य अभियान को अंजाम दिया था। उस सैन्य आपरेशन में भारतीय सेना की '14 पंजाब' (नाभा अकाल) बटालियन तथा 45 कैवलरी के जवानों ने बेहद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश के उस सैन्य मिशन में 'गरीबपुर' का जंग-ए-मैदान हिमाचली पराक्रम का गवाह बना जब हिमाचली शूरवीर हवलदार 'लेखराज' (14 पंजाब) ने अपनी रिकॉयललेस गन के अचूक प्रहारों से गरीबपुर के रण में पाकिस्तान के 'एम 24 शैफी टैंकों' को आग की लपटों में तब्दील करके पाकिस्तानी सेना के सामने 'वीरभूमि' के शौर्य को श्रेष्ठ साबित कर दिया था। युद्धभूमि में दुश्मन के समक्ष असीम वीरता के प्रदर्शन के लिए सेना ने लेखराज को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया था। उस युद्ध में '45 कैवलरी' के स्कवाड्रन कमांडर 'दलजीत सिंह नारंग' 'महावीर चक्र' ने अपने 'पीटी 76' टैंकों के साथ पाक लाव लश्कर को ध्वस्त करके गरीबपुर में ही शहादत को गले लगा लिया था।

गरीबपुर में भारतीय सैन्य कार्रवाई ने पाक सेना का मनोबल गिराकर युद्ध की दशा व दिशा तय करके भारत की फतह की तम्हीद 22 नवंबर 1971 को ही तैयार कर दी थी। गरीबपुर युद्ध में ही भाग ले रहे पाक वायुसेना के ढाका के स्कवाड्रन कमांडर 'परवेज मेहंदी कुरैशी' को भारतीय सेना की '4 सिख' रेजिमेंट ने 22 नवंबर 1971 के दिन अपनी हिरासत में ले लिया था। परवेज मेहंदी कुरैशी 1971 की भारत-पाक जंग के प्रथम पाकिस्तानी युद्धबंदी थे जिन्हें युद्ध के बाद रिहा किया गया था। वही कुरैशी 1999 की कारगिल जंग के समय पाक वायुसेना के चीफ थे। बेशक 1971 की भारत-पाक जंग का मुख्य केन्द्र बांग्लादेश था मगर पाकिस्तान के असकरी रणनीतिकारों ने कश्मीर को हथियाने की ख्वाहिश कभी नहीं छोड़ी तथा भारतीय सैन्य पराक्रम के आगे पाक सुल्तानों का यह अरमान कभी पूरा नहीं हुआ और न ही होगा। 5 दिसंबर 1971 की रात को पाक सेना ने अपनी एक पूरी ब्रिगेड के साथ भारत के पश्चिमी फ्रंट पर मौजूद पुंछ क्षेत्र में भयंकर हमला बोल दिया था। पुंछ के इलाके में मुस्तैद भारतीय सेना की '6 सिख' रेजिमेंट के जवानों ने पूरे सैन्य जज्बे के साथ पलटवार करके दुश्मन के उस हमले की पूरी तजवीज को नाकाम करने में अहम किरदार अदा किया था। पुंछ के महाज़ पर पाक सेना के मंसूबों को ध्वस्त करने वाली 6 सिख की कमान हिमाचली सपूत कर्नल (मे.ज.)'कशमीरी लाल रतन' संभाल रहे थे। युद्धभूमि में उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व के लिए कर्नल रतन को सरकार ने 'महावीर चक्र' से नवाजा था। पाक सेना को उस युद्ध में धूल चटाने वाली '6 सिख' की एक कंपनी का सफलतम नेतृत्व वीरभूमि के शूरवीर कर्नल 'पंजाब सिंह' 'वीर चक्र' ने किया था। लेकिन 1971 के युद्ध में भारत के सियासी नेतृत्व की तारीफ करना भी लाजिमी है जब तत्कालीन प्रधानमंत्री 'आयरन लेडी' इंदिरा गांधी ने फौलादी जिगर दिखाकर पाकिस्तान के साथ अमेरिका व चीन के हुक्मरानों की हनक को भी आईना दिखा दिया था। आखिर 3 दिसंबर 1971 को भारत के खिलाफ जंग का आगाज करने वाली पाक सेना लड़ने के काबिल नहीं बची तथा युद्ध के मात्र 14वें दिन लाचार होकर घुटनों के बल बैठ गई।




पूर्वी पाक में तैनात पाक सैन्य कमांडर 'अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी' ने 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश के 'रामना रेसकोर्स गार्डन' में भारतीय सेना की पूर्वी कमान के चीफ ले. ज. 'जगजीत सिंह अरोड़ा' को अपनी पिस्तौल सौंप कर गमगीन माहौल में 93 हजार पाक सैनिकों के सरेंडर के कागज़ात दस्तखत करके आत्मसमर्पण कर दिया। पाक सेना के सरेंडर की तजलील भरी तस्वीरें पूरी दुनिया में चस्पां हुई। पाकिस्तान की नामुराद सेना 1971 के सदमे से आज तक नहीं उभर पाई, मगर 1971 का इतिहास दोहराने की सलाहियत व हुनर आज भी भारतीय सेना की फितरत में मौजूद है। बहरहाल पूर्वी पाक से पाकिस्तान के तानाशाह 'याहिया खान' की सैन्य हुकूमत व पाक इंतजामिया का सूर्यास्त करके आज़ाद मुल्क 'बांग्लादेश' का सूर्योदय करने में भारतीय सेना के 3843 रणबांकुरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था जिनमें 195 शहीद जांबाजों का संबंध हिमाचल से था। इसलिए अपनी आज़ादी की स्वर्णिम जयंती मना रही बांग्लादेश की आवाम तथा वहां की सत्ता पर काबिज हुकमरानों को भारतीय सैनिकों की कुर्बानियों का इतिहास पूरी शिद्दत से अपने जहन में याद रखना होगा। राष्ट्र 1971 के योद्धाओं को शत्-शत् नमन करता है।

# बेअसर 'संजीवनी'!



भारत में कोरोना वायरस कार्यबल के अध्यक्ष डॉ. वीके पॉल का आकलन है कि नया 'ओमिक्रॉन' स्वरूप के मद्देनजर हमारे कोरोना टीके 'अप्रभावी' साबित हो सकते हैं। कोरोना टीकों में जरूरी सुधार का ऐसा प्लेटफॉर्म होना चाहिए, जो वायरस के बदलते स्वरूप के साथ नया टीका तैयार कर सके। टीके में सुधार और संवर्द्धन हर तीन माह में नहीं किया जा सकता, लेकिन साल भर में टीकों को संशोधित किया जाना चाहिए, ताकि वे कोरोना के किसी भी प्रकार के खिलाफ कारगर साबित हो सकें। देश के ही विख्यात चिकित्सकों का मानना है कि 'ओमिक्रॉन' पर भी हमारे टीके एक सीमा तक 'प्रभावी' रहेंगे। उन्हें बिल्कुल खारिज नहीं किया जा सकता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन भी वायरस के किसी भी वेरिएंट पर मौजूदा टीकों को 'असरदार' मानती रही हैं। भारत में कोविशील्ड, कोवैक्सीन, स्पूतनिक-वी टीके ही अभी लगाए जा रहे हैं। जायड्स कैडिला के टीके को आपात मंजूरी दिए काफी वक्त हो गया है, लेकिन वह आम आदमी के लिए कब उपलब्ध होगा, ऐसी किसी तारीख की घोषणा नहीं की गई है। तीन खुराक वाले टीके के परीक्षण भी लगभग संपन्न हो चुके हैं। उसे मंजूरी देने और उसकी उपलब्धता में भी समय लगेगा। कोरोना राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों ने मौजूदा टीकों की ही तीसरी खुराक को 'बूस्टर डोज़' मानने से इंकार कर दिया है। वैसे भी भारत सरकार ने अदालत में हलफनामा दिया है कि 'बूस्टर डोज़' पर विशेषज्ञ अभी विचार-विमर्श कर रहे हैं। फिलहाल उसके लिए कोई दिशा-निर्देश नहीं हैं। सलाहकार समूह ने भी शोध और प्रयोग के अध्ययनों और निष्कर्ष तक पहुंचने में गुंज़ाइश की बात कही है। साफ है कि अभी भारत में 'बूस्टर डोज़' दूर की कौड़ी है। देश के आधा दर्जन राज्यों में 12-13 दिन में ही 'ओमिक्रॉन' के 61 संक्रमित मामलों की पुष्टि हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी खौफ जताया है कि 20 दिन में ही यह स्वरूप 77 देशों में फैल चुका है। अब मौत और अस्पताल में भर्ती होने के सिलसिले भी बढ़ेंगे, लेकिन यह स्वरूप कितना जानलेवा है, यह दावा करना अभी जल्दबाजी होगी। सारांश यह है कि 'ओमिक्रॉन' के संदर्भ में फिलहाल सभी टीकों की प्रभावशीलता सवालिया है। विशेषज्ञों में भी विरोधाभास हैं, जबकि अभी इस प्रकार के लक्षण और संक्रामकता और प्रभावों की अंतिम पुष्टि नहीं हुई है। कोई साक्ष्य और डाटा दुनिया के सामने नहीं है। अभी वैज्ञानिक अनुसंधानों में जुटे हैं। फिलहाल ये लक्षण स्पष्ट हुए हैं कि यह स्वरूप डेल्टा वेरिएंट के प्रभावों को पीछे छोड़ देगा। भारत में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के साथ व्यापक टीकाकरण का अभियान जारी है। कोविशील्ड अलग ब्रांड के नाम से, मूल कंपनी के साथ, ब्रिटेन में बेचा और लोगों को दिया जा रहा है। वहां 'अप्रभावी' की बात नहीं कही गई है। कोवैक्सीन को भी विश्व स्वास्थ्य संगठन मान्यता दे चुका है और कई देशों में वह टीका लोगों को दिया जा रहा है। भारत में करीब 135 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं। इनमें से 52 करोड़ से अधिक दोनों खुराकें लगाई जा चुकी हैं। यह वयस्क आबादी का करीब 41 फीसदी है। प्रधानमंत्री मोदी और विशेषज्ञ चिकित्सक अब भी टीकाकरण को लेकर आह्वान कर रहे हैं। घर-घर टीकाकरण के सर्वे किए जा रहे हैं और खासकर 60 साल की उम्र से ऊपरवालों को घरों में ही खुराकें दी जा रही हैं। यदि कोरोना के संदर्भ में 'संजीवनी' माने गए टीके ही बेअसर करार दिए जा सकते हैं, तो पूरा टीकाकरण ही बेमानी है। यह टीकों का भी प्रभाव हो सकता है कि हमारे देश में लाखों संक्रमित केस रोज़ाना दर्ज किए जाते थे, जो अब 5784 केस हररोज़ तक सिमट गए हैं। सक्रिय मरीज भी अस्पतालों में करीब 89,000 रह गए हैं। कोरोना लगातार नगण्य होता जा रहा है। टीकाकरण पर जो भी आकलन सामने रखा जाए, वह निर्णायक और पुष्ट होना चाहिए, क्योंकि यह लोगों की ज़िंदगी से जुड़ा मामला है। यदि मौजूदा स्थिति में टीके बेअसर घोषित किए जाते हैं, तो उनका विकल्प क्या होगा? नया टीका बनने में कमोबेश एक साल लग सकता है। यदि अनुमानों के मुताबिक, जनवरी-फरवरी में 'ओमिक्रॉन' के केस बढ़ते हैं, तो भारत के लोगों का क्या होगा? जाहिर है हमें कोरोना प्रोटोकॉल का निष्ठा के साथ पालन करना है। भीड़भाड़ से बचें, मास्क पहनें और हाथों को बार-बार साबुन से धोएं अथवा सेनेटाइज करें। ऐसा करके भी हम कोरोना के फैलाव को रोक सकते हैं।

## वर्ग पहेली 4499

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | 15 |
| 16 | | ■ | 17 | | 18 | ■ | |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2002 को इस देश के गोंजालों लोजाडा नए राष्ट्रपति चुने गए (4)
4. यह पश्चिमी प्रशांत में आर्किपेलोगों है जो 26 द्वीपों और 300 से अधिक आइसलेट्स से बना है जिसकी राजधानी मेलेकि योक है (3)
7. काज, कार्य, कर्म (2)
8. समकोटिय, समतल, समकक्ष (3)
9. एक प्रकार का चंचल पक्षी जो चितकबरा और काला दो प्रकार का होता है (3)
11. बोझा या सामान उठाकर अपनी आजीविका चलाने वाला (2)
12. कोणयुक्त, नागा या अनुपस्थिति (2)
13. कला आदि सिखलाने वाला (2)
14. मिथ्या संवाद, झूठी खबर (2)
16. शतरंजी, बिछाने का मोटा कपड़ा (2)
17. भारत की मुख्य भाषाओं में से एक (3)
19. धातु या मिट्टी आदि को टोंटीदार लोटा जो पूजादि में पयुक्त होता है(3)
21. पाशबद्ध करना, ठिठुरना (4)
22. फटे हुए कपड़े या छेद में तागा भरकर उसे बंद करना (2)
23. नृत्य करना (3)
24. हिमाचल प्रदेश राज्य की पहाड़ियों का एक महत्वपूर्ण पर्वतीय स्थल है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मौन करना, चुप करना (8)
2. दुर्गण, अपभ्रंश, कसर, बिगाड़ (3)
3. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
4. पार्श्वास्थि, गोलाकार अस्थियों का पिंजरा (3)
5. तिब्बत में बौद्धों का धर्माचार्य, वज्राचार्य (2)
6. वूल, रोम, मेष, लोम (2)
10. कथन, भाषण (4)
11. धृतराष्ट्र या दुर्योधन को यह भी कहा जाता था (4)
13. लापता, पलायित, विलब्ध (2)
15. परिधान, वेश, जामा, ड्रेस (4)
18. सही आकार होना, आकार अनुकूल होना (4)
20. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)

## वर्ग पहेली 4498 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | रा | क | ओ | बा | मा | ■ | टो |
| ह | ह | क | र | ना | ■ | रो | ड |
| री | ■ | ह | ■ | ■ | ग | ज | र |
| न | ख | रा | ■ | गु | म | ना | म |
| ■ | र | ■ | रा | ज | क | म | ल |
| रा | ज | कु | मा | र | ■ | चा | ■ |
| त | ■ | ■ | य | ■ | फि | ■ | आ |
| ना | रा | य | ण | ■ | जी | व | न |

## छोटा परदा

गुरूवार, दिनांक 16 दिसंबर-2021

StarPlus 11:00 अनुपमा, 11:30 इमली, 12:00 ये है मोहब्बतें, 1:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 2:00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 3:00 साथ निभाना साथिया, 6:00 आपकी नजरों ने समझा, 7:00 शौर्य और अनोखी की कहानी, 7:30 शादी मुबारक, 8:00 गुम है



किसी के प्यार में, 8:30 इमली, 9:00 साथ निभाना साथिया, 10:00 अनुपमा

➤➤➤

SONY 11:00 सुपर डांसर-चेप्टर-4, 12:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 2:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल,




3:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 3:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 4:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 5:30 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 6:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल, 7:00 मेरे साईं, 7:30 पुण्यश्लोक, 8:00 विघ्नहरता गणेश, 9:00 क्यों उत्थे दिल छोड़ आये, 9:30 इश्क पर जोर नहीं, 10:00 क्राईम पेट्रोल सतर्क, 11:00 बेस्ट ऑफ क्राईम पेट्रोल

➤➤➤

ZEE TV 11:00 कुंडली भाग्य, 12:00 मेरी ताकत, 12:30 कुमकुम भाग्य, 1:00 कुंडली भाग्य, 2:00 पुर्नविवाह, 3:00 पवित्र रिश्ता, 4:00 पवित्र रिश्ता, 5:00 पवित्र रिश्ता, 6:00 हैवान, 8:00 जोधा अकबर, 7:00 अपना टाईम भी आएगा, 7:30 हमारी वाली गुडन्यूज, 8:30 तुझसे है राबता, 9:00 कुमकुम भाग्य, 9:30 कुंडली भाग्य, 11:00 कुमकुम भाग्य

➤➤➤

colors 11:00 श्री कृष्णा, 11:30 उडायां, 12:00 ससुराल सिमर का, 2:00 थपकी



प्यार की, 5:30 नागिन, 6:50 ससुराल सिमर का, 7:30 छोटी सरदारनी, 8:00 शक्ति, 8:30 बेरिस्टर बाबू, 9:00 नमक इश्क का, 9:30 बावरा दिली, 10:00 पिजरा खूबसूरती का, 11:00 ससुराल सिमर का,

➤➤➤

SONY SAB 11:00 मैडम सर, 12:00 तेरा यार हूं मैं, 12:00 हीरो, 1:00 वागले की दुनिया, 1:30 तारक मेहता का उल्टा



चश्मा, 2:30 मैडम सर, 3:00 हीरो, 3:30 तेरा यार हूं मैं, 4:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 5:00 मैडम सर, 5:30 जीजाजी छत पर है, 6:00 वागले की दुनिया, 6:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 7:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 8:00 हीरो, 8:30 तारक मेहता का उल्टा चश्मा, 9:00 वागले की दुनिया, 9:30 तेरा यार हूं मैं, 10:00 मैडम सर, 10:30 जीजाजी छत पर है, 11:00 तारक मेहता का उल्टा चश्मा

➤➤➤

DD NATIONAL 10:00 यहां के हम सिकंदर, 11:30 क्योंकि जीना इसी का नाम है, 12:00 मेरा देश बलाऐं रे, 12:30 ठुमरी एक परंपरा, 1:00 मंगलसूत्र... 2:00 सुकन्या




हमारी बेटियां, 2:30 हरी मिर्ची-लाल मिर्ची, 3:00 बिन बिटियां आंगन सूना, 4:00 नई सोच, 5:30 यहां के हम सिकंदर, 6:00 चंद्रमुखी, 7:00 महाराणा रंजीत सिंह, 8:00 द्रोपदी, 9:00 श्री गणेश, 9:30 श्री गणेश, 10:00 ना हौसला हारेंगे हम, 10:30 पुरवाई-एक नई आशा, फुले, 11:00 बिन बिटिया आंगन सूना

➤➤➤

ZEE CINEMA 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

➤➤➤

MOVIES OK 8:00 हिंदी फीचर फिल्म, 11:00 हिंदी फीचर फिल्म, 2:00 हिंदी फीचर फिल्म, 5:00 हिंदी फीचर फिल्म, 8:00 हिंदी फीचर फिल्म

## आज का राशिफल

**मेष** माता के स्वास्थ्य का अभी ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है।

**वृषभ** नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** अतिउत्साही होने से बचें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी सम्भव है। माता को स्वास्थ्य विकार हो

**कन्या** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा।

**तुला** कारोबार में वृद्धि होगी। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। परिवार से दूर किसी स्थान पर जा सकते हैं।

**धनु** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। किसी कारोबार की पुनः शुरुआत हो सकती है। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** आलस्य में वृद्धि भी हो सकती है। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। संगीत में रुचि बढ़ सकती है।

**कुंभ** शासन-सत्ता का सहयोग भी मिल सकता है। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मीन** नौकरी में विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 4499

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 5 | | | 3 | 2 | 1 | |
| 7 | | | | | | 5 | | 9 |
| 2 | 8 | | 6 | 9 | | | | 4 |
| | | | | | | | 7 | |
| | | | 2 | 1 | 8 | | | |
| | 5 | | | | | | | |
| 1 | | | | 4 | 2 | | 8 | 5 |
| 9 | | 8 | | | | | | 7 |
| | 4 | 6 | 3 | | | 1 | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

## सुडोकू पहेली क्र. 4498

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | 5 | 9 |
| 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 |

# गौवंश हत्या : भाकियू ने एसडीएम से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

⇨ भाकियू ने उप जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र



**नरैनी, (संवाददाता)।** भाकियू ने एसडीएम को तीन सूत्रीय शिकायती पत्र लिखा है। किसानों की समस्याओं के साथ मध्य प्रदेश की घाटी में हुई गायों की निर्मम हत्या का विरोध भी व्यक्त किया। भाकियू (अराजनैतिक) के तहसील अध्यक्ष संतोष कुमार दीक्षित की अगवाई में एसडीएम रावेंद्र सिंह को लिखे तीन सूत्रीय शिकायती पत्र में उर्वरक खाद के निजी दुकानदारों पर निर्धारित दर से अधिक मूल्य में बेचने का आरोप लगाया। लिखा है कि डीएपी उर्वरक को रुपये 1200 की जगह रुपये 1400 तक व यूरिया को 266 रुपये की जगह 400 से 450 रुपये की बेंचकर कालाबाजारी की जा रही है। पत्र में किसानों ने कुछ निजी दुकानदारों के नामों को भी उजागर किया है। साथ ही धन खरीद केंद्रों में अंजुरी, बटोरन व पल्लेदारी के नाम पर किसानों से अधिक धान लेने जैसा गंभीर आरोप भी लगाया गया है। पत्र के आखिर में सीमावर्ती मध्यप्रदेश के पहाड़ीखेरा की घाटी में अधिकारियों की लापरवाही से हुई गौवंशों की निर्मम हत्या का विरोध भी किया गया गया है। समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग भाकियू ने की है। इस अवसर पर यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष लूशन यादव, रविप्रकाश तिवारी, छेदीलाल, नंदकिशोर, कामता प्रसाद, शिवराम, राममूरत व नितिन दीक्षित सहित क्षेत्र के तमाम किसान उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में भाकियू की महिला ब्लाक अध्यक्ष की मौत

**बांदा, (संवाददाता)।** स्कूटी सवार भाकियू ब्लाक महिला अध्यक्ष को कार ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना करके भाग रहे कार चालक को पुलिस ने दबोच लिया। जसपुरा कस्बा निवासी रश्मि (40) पत्नी मदन सिंह भाकियू की ब्लाक अध्यक्ष थी। वह बुधवार की दोपहर पार्टी की बैठक में शामिल होने स्कूटी से पैलानी जा रही थी। तभी पैलानी पुल पर सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिससे वह स्कूटी समेत कार में फंसकर काफी दूर तक घसीटती चली गई। दुर्घटना के बाद दुकानदारों ने देखा तो कार चालक का पीछा कर रोक लिया, तब तक रश्मि गंभीर रूप से घायल हो गई। किसी तरह उसे कार से बाहर निकाला गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया, वहां उपचार होने से पहले ही रश्मि ने दम तोड़ दिया। मृतका के देवर राजन ने बताया कि उसकी भाभी किसान यूनियन की जसपुरा ब्लाक अध्यक्ष थीं।

## जान से मारने की धमकी

**बांदा, (संवाददाता)।** रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का कहना है कि उन्हें राष्ट्रपति पदक भी मिला है। इस ओर सरकार भी ध्यान नहीं दे रही। चिल्ला थाना क्षेत्र के पपरेंदा गांव के रहने वाले रिटायर्ड आईपीएस जगनायक सिंह लखनऊ के कृष्णा नगर आशियाना मुहल्ले में रहते हैं। उनका पड़ोसी महिला से विवाद चल रहा है। उन्होंने इसकी थाने में और विकास प्राधिकरण में शिकायत भी की थी, लेकिन मामले में कोई सुनवाई नहीं हुई। सुनवाई न होने के बाद उन्हें जान से मार देने की धमकी भी दी गई। रिटायर्ड आईपीएस को जान से मारने की धमकी मिलने से परिजनों में खासा आक्रोश पनप उठा है। परिजनों का कहना है कि नौकरी पर रहते हुए उन्होंने देश की सेवा की। इसके बाद उन्हें जान से मारने की धमकी मिल रही है। सरकार भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही।

## पुष्प वर्षा के साथ शौर्य संचालन यात्रा का हुआ स्वागत

⇨ यात्रा में विहिप, बजरंग दल आदि पदाधिकारियों ने किया प्रतिभाग



**बांदा, (संवाददाता)।** बजरंग दल ने गीता जयंती के मौके पर शहर में विशाल शौर्य संचलन यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों में घूमी। इसमें बजरंग दल के सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता, मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी की बहनें और राष्ट्रभक्त सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे। जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत किया गया। गीता जयंती के मौके पर बुधवार को बजरंग दल की ओर से एक विशाल शौर्य संचलन यात्रा का आयोजन किया गया। शौर्य संचलन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक सक्षम ने किया। रामलीला मैदान में बजरंग दल के सभी प्रखंडो के कार्यकर्ता, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहनें तथा राष्ट्रभक्त सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे। इस विशाल शौर्य संचलन यात्रा का जगह-जगह नगर के गणमान्य नागरिक तथा समाजसेवियो द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया, पूरा नगर आज भगवामय नजर आया। शौर्य संचलन यात्रा कार्यक्रम का सफल संचालन जिला संगठन मंत्री चन्द्रिका दीक्षित ने किया। कार्यक्रम के समापन पर विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष चन्द्रमोहन बेदी ने सभी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व प्रांत सुरक्षा प्रमुख प्रभाकर सिंह चंदेल, विभाग अध्यक्ष अशोक ओमर, विभाग सेवा प्रमुख पवन सिंह, जिला संरक्षक डा. सुरेंद्र नागर, जिला मातृशक्ति संयोजिका सुबोधनी भटनागर, जिला मंत्री पुष्पेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष हर्षवर्धन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष रवि मोहन, जिला संयोजक अंकित पांडे, शुभम शिवहरे, गया प्रसाद, दीपू दीक्षित, कल्लू प्रजापति, लक्ष्मीकांत गुप्ता, देवराज राजपूत, महेंद्र चौहान, सचिन सोनकर, सचिन चौरसिया, राकेश चौरसिया, महावीर कुशवाहा आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## मवेशी बाड़े से बकरियां चोरी, पुलिस नहीं दर्ज कर रही रपट

⇨ देहात कोतवाली क्षेत्र के पचुल्ला गांव का मामला

⇨ पीड़ित ने एसपी से की शिकायत पुलिस खोजबीन में जुटी

**बांदा, (संवाददाता)।** मवेशी बाड़े का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर 21 बकरियां लोडर में लादकर फरार हो गए। सुबह गृहस्वामी की नींद खुली तो देखा कि उसकी बकरियां गायब थीं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने उसे डांट डपटकर भगा दिया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। बकरियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। देहात कोतवाली क्षेत्र के पचुल्ला गांव निवासी रामनाथ पुत्र चुनबाद सोमवार की रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था, सूना मौका देखकर चोर मवेशी बाड़े का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और लोडर में 21 बकरियां भरकर ले गए। सुबह रामनाथ की नींद खुली तो देखा कि दरवाजे का ताला टूटा पड़ा हुआ था, बकरियां गायब थीं। यह देख वह बदहवास हो गया। घटना की जानकारी थाने में दी। वहां पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उसे डांट डपटकर भगा दिया। यह कहा कि वह लोग ढाई बजे तक तो पचुल्ला गांव में ही थी, बकरियां किस समय चोरी हुईं। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर आपबीती बताई। पुलिस अधीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस को निर्देश दिए। पुलिस बकरियों की तलाश में जुटी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाकाई पुलिस कभी भी गश्त करने के लिए गांव नहीं आती है।

## सीओ सत्यप्रकाश ने लिया जायजा



**बबेरू, (संवाददाता)।** ऐतिहासिक मेला सिमौनीधाम पर क्षेत्राधिकारी सदर सत्य प्रकाश शर्मा ने ड्यूटियों का जायजा लिया। ड्रोन कैमरा के जरिए मेला की सुरक्षा व्यवस्था को देखा गया। खोया पाया केंद्र पर सूचना मिली की सुनीता (33) पत्नी रामजीत जो थाना बिसंडा ग्राम महुआ की रहने वाली थी, सिमौनी मेला में अपने पति से बिछड़ गई थी, खोया पाया केंद्र द्वारा इनके पति को सूचना देने पर सुनीता के पिता रामस्वरूप को सुपुर्द कर दिया गया।सीओ ने सुरक्षा में तैना पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## पशु आरोग्य शिविर लगाकर दिया पशुपालन संबंधी परामर्श



**मऊ, चित्रकूट ब्यूरो।** खप्टिहा गांव में बुधवार को पशुपालन विभाग ने पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर लगाया। इसमें पशु चिकित्सकों ने ग्रामीणों को पशुपालन संबंधी परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि पशुओं को किसी भी तरह की बीमारी होने पर तुरंत चिकित्सकों को दिखाना चाहिए। चिकित्सकों ने ग्रामीणों से कहा कि पशुपालन भी एक बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में पशुपालकों को इनकी सेहत की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। किसी भी तरह की बीमारी से पशु की सेहत तुरंत खराब होती है और अगर ध्यान न दिया जाए तो कई बार यह जानलेवा साबित होती है। इस मौके पर कई पशुओं की चिकित्सा की गई और दवाइयां दी गईं। शिविर में डा. एनके शर्मा, प्रतीक्षा मिश्रा, भारत यादव, पैरावेट विवेक, राजकुमार, कमलेश, दौलतराम, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की डीएम ने ली बैठक

**चित्रकूट ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों से संबंधित परियोजनाओं में पत्थर लगाए जाने आदि के संबंध में बैठक हुई। डीएम ने विभिन्न निर्माण कार्यों पर चर्चा की और आगाह किया कि भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इसमें कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी, परियोजना अधिकारी ऋषिमुनि उपाध्याय, अर्थ एवं संख्याधिकारी सरिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राजीव रंजन मिश्र आदि मौजूद रहे।

# हिंदू धर्म को छोड़कर जाने वालों की घर वापसी का करेंगे हर संभव प्रयास : भागवत

धर्म नगरी में तीन दिवसीय हिंदू एकता महाकुंभ में बोले संघ प्रमुख



**चित्रकूट ब्यूरो।** धर्मनगरी चित्रकूट में चल रहे तीन दिवसीय हिंदू एकता महाकुंभ में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू धर्म छोड़ने वालों की घर वापसी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भय ज्यादा दिन तक बांध नहीं सकता है। अहंकार से एकता टूटती है। हम लोगों को जोड़ने के लिए काम करेंगे। महाकुंभ में शामिल हो रहे लोगों को उन्होंने इसका संकल्प भी दिलाया। हिंदू एकता महाकुंभ में आए लोगों ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के साथ संकल्प लेते हुए कहा कि 'मैं हिंदू संस्कृति के धर्मयोद्धा मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की संकल्प स्थली पर सर्वशक्तिमान परमेश्वर को साक्षी मानकर संकल्प लेता हूं कि मैं अपने पवित्र हिंदू धर्म, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू समाज के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए आजीवन कार्य करूंगा। मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि किसी भी हिंदू भाई को हिंदू धर्म से विमुख नहीं होने दूंगा तथा जो भाई हिंदू धर्म छोड़कर चले गए हैं, उनकी भी घर वापसी के लिए कार्य करूंगा। उन्हें परिवार का हिस्सा बनाऊंगा। मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि हिंदू बहनों की अस्मिता, सम्मान और शील की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करूंगा। जाति, वर्ग, भाषा, पंथ के भेद से ऊपर उठ कर हिंदू समाज को समरस, सशक्त व अभेद्य बनाने के लिए पूरी शक्ति से कार्य करूंगा। बता दें कि कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम के संयोजक तुलसी पीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और तुलसीपीठाधीश्वर रामभद्राचार्य का 75 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत और जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू एकता महाकुंभ में आए लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जुटते हैं तो भय पैदा होता है। जबकि जहां संत और हिन्दू इक्ट्ठा होते हैं, वहां अभय मिलता है। उन्होंने कहा कि देश भक्ति और ईश्वर भक्ति एक ही है। जो देशभक्त नहीं है, वो ईश्वर भक्त भी नहीं हो सकता। संत श्री श्री रविशंकर ने भी लोगों को संबोधित किया। श्री श्री रविशंकर ने हिंदू महाकुंभ के 12 मुद्दों का समर्थन किया। जिसमें राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक श्रीराम मंदिर, देव स्थानों की परंपरा नष्ट कर रहा सरकारी नियंत्रण, धर्मांतरण की अंतर्राष्ट्रीय साजिश, देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून जरूरी, सामान नागरिकता का मिले अधिकार, लव जेहाद से युवा पीढ़ी में भटकाव, भारतीय दर्शन आधारित शिक्षा जरूरी, धर्म में व्यसन का त्याग हो अनिवार्य, गौ रक्षा के ठोस प्रयास, मातृ शक्ति को सशक्त बनाना जरूरी, हिंदू धर्म के बारे में दुष्प्रचार बंद हो और पर्यावरण प्रदूषण पर रोक लगे।

## जमीनी विवाद में महिला को पीटा

**बांदा, (संवाददाता)।** जमीन के विवाद में दबंगों ने महिला को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। मटौंध थाना क्षेत्र के मोहनपुरवा गांव निवासी संपत देवी (50) पत्नी सहादेव के दरवाजे पर पड़ोसी दबंग कब्जा कर रहे थे। महिला ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर पांच लोगों ने महिला को मारपीट कर बेदम कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## शव की हुई शिनाख्त

**बांदा, (संवाददाता)।** केन नदी पुल के समीप दो दिन पहले अज्ञात 30 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक में पड़ा हुआ राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त परशुराम पुत्र मुन्नीलाल सोनकर निवासी मरहीमाता मंदिर कटरा के रूप में की। शव देखते ही घरवालों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घटना वाले दिन परशुराम का परिवार के ही एक व्यक्ति से विवाद हो गया था। इसी से नाराज होकर वह घर से चला गया और ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली।

## युवक ने फांसी लगाई, भर्ती

**बांदा, (संवाददाता)।** पैलानी थाना क्षेत्र के सांड़ी गांव निवासी छोटे (30) पुत्र झंडू ने मंगलवार की शाम घरेलू कलह से परेशान होकर कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा ली। काफी देर के बाद जब वह घर से बाहर नहीं निकला तो मौके पर पहुंचे घरवालों ने देखा कि दरवाजे बंद थे। कुण्डी खटखटाने के बाद भी वह कमरे से बाहर नहीं निकला। किसी तरह घरवाले दरवाजा तोड़कर कमरे के अंदर पहुंचे। देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। आनन-फानन फंदा काटकर उसे नीचे उतार लिया। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## कांग्रेस नेत्री ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा



**मानिकपुर, चित्रकूट ब्यूरो।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री रंजना बराती लाल पांडेय ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को कांग्रेस की कल्याणकारी नीतियां बताकर पार्टी से जुड़ने की अपील की। रंजना ने बांधी, मटियारा, कोपा, मवई आदि गांवों का दौरा किया। बताया कि गांव-गांव जनता को कांग्रेस का सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। दावा किया कि प्रियंका गांधी से प्रभावित होकर ज्यादा से ज्यादा लोग कांग्रेस के सदस्य बन रहे हैं। देश प्रदेश में जंगलराज कायम है। गृह राज्यमंत्री के बेटे ने सुनियोजित तरीके से किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़ाकर हत्या कर दी। एसआईटी ने जांच में भी यह माना है कि यह दुर्घटना नहीं सुयोजित तरीके से हत्या की गई है।

## बजरंगी के दूत बाबा अवधूत नगरी के भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

⇨ संतों की टोली को सर्वप्रथम कराया गया भोजन, फिर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया ⇨ भंडारे के पहले दिन दिल्ली के पूर्व भाजपा अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी भी पहुंचे



**बबेरू, (संवाददाता)।** मौनी बाबा धाम में स्वामी अवधूत महाराज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशाल भंडारा 15 दिसंबर से प्रारम्भ हुआ। स्वामी अवधूत महाराज ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ में आहुतियां दीं। उसके बाद साधु सन्यासियों को पहली पंगत में प्रसाद ग्रहण कराकर भंडारे का शुभारंभ किया। संतो के बाद श्रद्धालु भक्तों को पंगत में बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराने का सिलसिला शुरू हुआ। वही भाजपा के पूर्व दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी पहुंचे। सिमौनी गांव के मौनी बाबा धाम का है। वहां स्वामी अवधूत महाराज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशाल भंडारे का शुभारंभ हनुमान जी की पूजा अर्चना करके यज्ञ में हवन की आहुतियां दी और साधु संतों को पहली पंगत में प्रसाद ग्रहण कराया गया। श्रद्धालु भक्तों का सैलाब उमड़ा पड़ा है। क्षेत्र के आसपास गांवों समेत कई प्रांतों के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी रहा। दिल्ली के भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी मौनी बाबा धाम पहुचे। मौनी बाबा की समाधि पर माथा टेका और स्वामी अवधूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में जाकर श्रद्धालुओ को प्रसाद परोसकर श्रमदान भी किया। उसके बाद राष्ट्रीय स्तर की लगी प्रदर्शनी एवं मेला का घूम-घूम कर जायजा लिया। आपको बता दे कि स्वामी अवधूत महाराज द्वारा हर वर्ष दिसंबर माह में 15, 16 व 17 को विशाल भंडारा का आयोजन मौनी बाबा धाम में कराया जाता है। वही हर वर्ष विशाल मेला एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी भी लग रही है। इस वर्ष श्रद्धालु भक्तों का पिछले वर्ष से अधिक भीड़ नजर आ रही है। भंडारे के प्रवेश द्वारों में दूर-दूर तक श्रद्धालुओ की कतारे लगी रही। भंडारे में महिलाओं एवं पुरुषो को अलग अलग पंगतो में बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया जाता रहा। वही प्रसाद परोसने वाले श्रमदानी सेवक सरपट दौड़-दौड़ कर प्रसाद की आपूर्ति करते रहे। वही एक पंगत में 10 हजार श्रद्धालुओ को बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया जाता रहा। दिन भर में दो लाख श्रद्धालुओ को प्रसाद ग्रहण कराने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रसाद ग्रहण करने के बाद लोग नाटक मंचन का रसपान करते रहे, और खेलकूद का भी आनंद उठाते रहे। वही मेला में जरूरतें कि वस्तुओं की खरीददारी लोगो ने किया। प्रदर्शनी में सस्ते दर में छूट के साथ हस्त निर्मित कपड़ो सहित अन्य सामग्रियों की खरीददारी करने में मशगूल रहे। मौनी बाबा धाम स्वामी अवधूत महाराज एवं बजरंग बली के जयकारों से गूंजता रहा।

## सुरक्षा में तैनात रहा पुलिस बल

**बबेरू, (संवाददाता)।** सुरक्षा व्यवस्था में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। वही एनसीसी, स्काउट के छात्र भी सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे, और प्रवेश द्वार सहित निकासी द्वारों में सीसी कैमरे भी लगाए है। वही पुलिस अधीक्षक अभिनंदन मातहत अधिकारियों के साथ घूम-घूम कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मातहत अधिकारियों की निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक नही होनी चाहिए।

## परिनिर्वाण दिवस पर लौह पुरुष को दी श्रद्धांजलि



**चित्रकूट ब्यूरो।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के 71वें परिनिर्वाण दिवस के मौके पर बुधवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने सांसद आरके सिंह पटेल के साथ पटेल तिराहा स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, पंकज अग्रवाल, हरिओम करवरिया, हरिओम मिश्रा, राजकुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## दोष सिद्ध होने पर पिता पुत्र को मिली तीन साल की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो।** स्पेशल जज एससी/एसटी सतीश चंद्र द्विवेदी ने एससी/एसटी एक्ट के मामले में दोष सिद्ध होने होने पर पिता-पुत्र को तीन-तीन साल की कैद की सजा सुनाई है। इनको पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना भी भुगतना पड़ेगा। अभियोजन अधिकारी जगतपाल यादव ने बताया कि दो जुलाई 2011 को पहाड़ी थानांतर्गत एक गांव की अनुसूचित जाति की महिला ने गांव के रमाशंकर पुत्र रघुपत और राधेश पुत्र रमाशंकर पर शौचालय के संबंध में विवाद होने पर उसके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया था। महिला का कहना था कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया था। साथ ही धमकी दी थी कि अगर रिपोर्ट दर्ज कराई तो जान से मार देंगे। महिला का यह भी कहना था कि थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर मनबढ़ आरोपियों ने उसके साथ फिर मारपीट और अभद्रता की। उसने रिपोर्ट दर्ज न होने पर एसपी को पत्र भेजा था और कार्रवाई न होने पर कोर्ट में मुकदमा दायर किया था।

## अवैध रूप से ले जा रहे 20 गोवंश बरामद

मृत अवस्था में मिले तीन गोवंश

**मऊ, चित्रकूट ब्यूरो।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में उपनिरीक्षक थाना मऊ विपिन कुमार मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा ट्रक द्वारा अवैध रूप से ले जा रहे 20 गौवंशों को बरामद किया गया। जिनमें से तीन गोवंश मृत अवस्था में मिले। उल्लेखनीय है कि बीते मंगलवार को थाना मऊ उपनिरीक्षक विपिन कुमार मिश्रा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पिपरौंद के पास चार गौतस्कर एक ट्रक में गौवंशों को लाद रहे हैं, इन गौवंशों को लादकर तस्करी करके कलकत्ता ले जायेंगे तथा वहां पर गौकशी करेंगे। इस सूचना पर उपनिरीक्षक आनंद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मेवालाल मौर्या तथा उनकी टीम आरक्षी होलीकेन्द्र, अरविन्द बिन्द व धर्मेन्द्र कुशवाहा द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम को देखकर चारों तस्कर मौके से भाग गए। पुलिस टीम द्वारा ट्रक में लादे गए 20 गोवंशों को बरामद किया गया। जिनमें से तीन गौवंश मृत अवस्था में पाये गये। मृत गौवंशो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में भागे हुये चारों अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना मऊ में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त ट्रक को भी सीज किया गया।

## पत्र भेजकर की नाव उपलब्ध कराने की मांग

**चित्रकूट ब्यूरो।** मां मंदाकिनी बचाओ समिति ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नदी की सफाई के लिए एक नाव उपलब्ध कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एक नाव समिति के पास थी, जो जीर्णशीर्ण हो चुकी है। वे लोग तीन साल से नदी की सफाई में लगे हैं और धनाभाव की वजह से नाव खरीदने में अक्षम हैं। पत्र में बालेश्वर, हीरालाल, रामसनेही, धर्मेंद्र, बबली, पन्नालाल, मिठाई लाल, आनंद बिहारी, लवलेश पटेल, विजय शंकर, मुन्ना आदि के हस्ताक्षर हैं।

## वाराणसी को हराकर फाइनल में पहुंची पटना की टीम

**चित्रकूट ब्यूरो।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में चित्रकूट चौलेंज कप के तहत बुधवार को महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में पटना ने वाराणसी को आठ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि आनंद मिश्रा एडीशनल डीसीपी दिल्ली पुलिस ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टास कराया। टॉस जीतकर पटना ने वाराणसी को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया। वाराणसी ने प्रिया पटेल के 19 गेंद पर 25 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 84 रन बनाए। खिलाड़ियों में आपस में तालमेल की कमी रही, जिसके कारण पांच बल्लेबाज रन आउट हुए। बिहार की ओर से शालिनी, नीतू राजपूत, अपूर्वा और सपना को एक -एक विकेट प्राप्त हुआ। पटना की टीम ने संजना के नाबाद 40, नवीला खान के 15 और अपूर्वा के 12 रन के योगदान से लक्ष्य को 14.5 ओवर में दो विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। वाराणसी की ओर से पलक और शिबू ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। संजना को मैन ऑफद मैच चुना गया।

# कविताओं और गजलों के साथ शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

⇨ सीडीएस विपिन रावत और उनके शहीद साथियों को किया गया नमन ⇨ नटराज संगीत महाविद्यालय में आयोजित किया गया कवि सम्मेलन एवं मुशायरा




**बांदा, (संवाददाता)।** मंगलवार की रात शहीदों के नाम रही। नटराज संगीत महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता पर आधारित कवि सम्मेलन में शहीद सीडीएस बिपिन रावत और उनके साथ शहीद हुए सैन्य अधिकारियों को कविताओं और गजलों के माध्यम से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। कवियों ने देश भक्ति पर आधारित कलाम भी सुनाए। पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। संगीत महाविद्यालय राष्ट्रीय एकता पर आधारित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन अनुराग विश्वकर्मा, डाक्टर खालिद इज़हार, नज़रे आलम, अंजू दमेले के द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन एवम मुशायरे में मुख्य अतिथि के रूप में एजाज़ अहमद एडवोकेट अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यदेव त्रिपाठी सचिव जिला अधिवक्ता संघ, शोभाराम कश्यप अध्यक्ष तिरंगा वितरण समिति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि गुरु डाक्टर चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने की। संचालन अनुराग विश्वकर्मा तथा नज़रे आलम ने किया। मुख्य अतिथि एजाज़ अहमद एडवोकेट, अध्यक्ष डाक्टर चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित, डाक्टर सऊद उज़ जमा सादी जमा, सत्यदेव त्रिपाठी, शोभाराम कश्यप, डाक्टर धनंजय सिंह प्रबंधक नटराज संगीत महाविद्यालय डाक्टर खालिद इज़हार ने दीप प्रज्ज्वलित कर के कार्यक्रम की शुरुआत की। युवा कवयित्री आयुशी त्रिपाठी ने मां सरस्वती की वंदना पढ़ी। इसके बाद हथगाम फत्तेहपुर से आये शिवम हथगामी ने सौहार्द पर कलाम सुनाया- यही जुम्मन, यही अलगू, यही रमज़ान करते हैं, कभी घर जाओ इनके तो बहुत सम्मान करते हैं। लड़ाओ तुम भले शहरों में हिन्दू और मुसलमां को, हमारे गांव में मुंडन अभी रहमान करते हैं। प्रयागराज से आये कवि आशीष कवि गुरु ने पढ़ा, दिलों से भेद ये मज़हब का मिटाया जाए, यानी इंसान को इंसान बनाया जाए। अनुराग विश्वकर्मा ने सीडीएस विपिन रावत और उनके साथ शहीद हुए शहीदों को याद करते हुए पढ़ा, लौट कर फिर न आने वाले सुन।दिल तेरा इंतेज़ार करता है। आयुशी त्रिपाठी ने देश भक्ति पर सुनाया, वंदेमातरम हो शब्द अंतिमक्षण मेरे मुख पर, मेरे भारत की खातिर खत्म मेरी जिंदगानी हो। डाक्टर खालिद इज़हार ने पढ़ा, बनके सच्चा राष्ट्रवादी काटी सारी जिंदगी, देश सेवा में हुई क़ुर्बान तुम्हारी ज़िंदगी। युवा कवयित्री दीपा पटेल ने अमर शहीदों की शान में सुनाया, ऐसे मां भारती के वीरों को, करती दीपा ये बांदा से कोटि नमन। शमीम बांदवी ने देश भक्ति पर कलाम सुनाया, हम जान तो दे देंगे सरहद की लकीरों पर, दुश्मन को कभी अपना कश्मीर नहीं देंगे। फिरोजाबाद से आये हास्य और व्यंग के शायर ज़ीरो बांदवी ने राजनीति पर कटाक्ष करते हुए पढ़ा, फटे जूतों पे पालिश हो रही है, नए वादों की बारिश हो रही है। इलेक्शन का ज़माना आ गया है, गधों की रोज मालिश हो रही है। कार्यक्रम में शोभाराम कश्यप ने बांदा के सैकड़ों वर्ष से चले आ रहे सौहार्द के बारे में बताया। डाक्टर व वरिष्ठ कवयित्री डाक्टर शबाना रफीक ने सफल कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति और शायरों और कवियों को बधाई दी। विशिष्ट अतिथि सत्यदेव त्रिपाठी ने सौहार्द पूर्ण कार्यक्रम की सराहना की। मुख्य अतिथि एजाज़ अहमद एडवोकेट अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज मे अच्छा संदेश देते हैं। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अमर जीत सिंह द्वारा मे0 हरिओम प्रिंटर्स, हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से मुद्रित एवं हरिहरगंज, फतेहपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। संपादक- अमर जीत सिंह, मो0- 9455231344, आर0एन0आई0पंजी0सं0- UPHIN/2014/60049

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद फतेहपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लेखपाल तहसीलदार पर ग्रामीणों ने लगाए गम्भीर आरोप, जिलाधिकारी कार्यालय का किया घेराव



**ऊंचाहार, रायबरेली (अमर चेतना ब्यूरो)।** वैसे तो ऊंचाहार तहसील प्रशासन में सरेआम चल रही रिश्वतखोरी का खुलासा समय समय पर होता रहता है। कभी वरासत के नाम पर रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल हुआ तो कभी किसी लेखपाल ने किसी की जमीन किसी दूसरे के नाम बैनामा कर दी गई। ये बात और है की कोई बचा तो किसी की पोल खुलने के बाद उस पर कार्यवाही भी हुई। लेकिन गजब की बात ये है लेखपाल भी तगड़ा दिमाग लगाते हैं। अपने साथ एक सहायता के लिए मुंशी रखते हैं जो लेखपाल का वसूली एजेंट होता है। कभी किसी ने कुछ सबूत भी जुटा लिया तो लेखपाल साहब साफ बचे होते हैं , लेकिन घूस की रकम मांगते समय चाहे जो मांगे वो यही कहता है की हमे ऊपर तक देना होता है। अब जब बात आती है तहसीलदार से जुड़े कार्यों को करवाने लिए तो उसके लिए पहले मालबाबू से मिलना होता है। मालबाबू आपकी आवभगत से खुश हुए तो ठीक नहीं महीनों चक्कर लगाना पड़ता है। इंसान थकहार कर तहसील परिसर के दलालों के चक्कर में फंसकर रिश्वत देने को मजबूर हो जाता है। ताजा मामला ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के पूरे ठकुराइन मजरे कजियाना का है यहां पर खलिहान की जमीन पर निर्माण कर रहे पवन यादव का घर लेखपाल और तहसीलदार ने गिरवा दिया। मामले ने तूल तो तब पकड़ा जब ग्रामीणों ने मिलकर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते हुए लेखपाल और तहसीलदार अजय गुप्ता पर एक लाख रूपए घूस मांगने का आरोप लगाया। पवन यादव ने कहा की हम कई वर्षों से निर्माण कर रहे थे तब कोई नहीं आया छत पड़ने के एक दिन पूर्व लेखपाल साहब आए और उन्होंने मुझसे एक लाख रूपए की मांग की और कहा की मुझे ऊपर तक देना होता है। मैंने उनसे दो दिन का टाइम भी मांगा लेकिन मेरा घर गिरवा दिया गया। इसकी जांच करके कार्यवाही की जाय। इस मामले की सच्चाई क्या है ये तो जांच के बाद ही पता चल पायेगा। लेकिन लगातार ऊंचाहार तहसील प्रशासन पर लगने वाला घूसखोरी का आरोप चिंता का विषय जरूर है।

## फ्लाईओवर पर ट्रक व कंटेनर में जबरदस्त भिड़ंत



**ऊंचाहार, रायबरेली (अमर चेतना ब्यूरो)।** नगर स्थित फ्लाईओवर पर ट्रक व कंटेनर के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिससे कंटेनर चालक मामूली रूप से घायल हो गया। घायल कंटेनर चालक को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। आपको बताते चलें बिहार से रामपुर जनपद के लिए धान लादकर जा रहे कंटेनर और लखनऊ की तरफ से आ रहे ट्रक के बीच ऊंचाहार नगर स्थित फ्लाईओवर पर जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें रामपुर जनपद निवासी कंटेनर चालक मोहम्मद अली को मामूली चोटे आई है जबकि ट्रक चालक व खलासी बाल-बाल बच गया। फ्लाईओवर पर बीचो-बीच हुई भिड़ंत से अवागमन बाधित रहा मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व कंटेनर को हटवाने का प्रयास कर रही है।

# महिलाओं, बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों के साथ करें मृदुभाषी व्यवहार

⇨ पुलिस लाइन में यूपी-112 का नौ दिवसीय रिफ्रेषर कोर्स हुआ सम्पन्न



**बांदा, (संवाददाता)।** यूपी-112 परियोजना जनपद के अंतर्गत संचालित चार पहिया/दोपहिया वाहनों पर नियुक्त कर्मचारीगण को 112-मुख्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित 9 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स 6 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजन किया गया। बुधवार को महिन्द्रा डिफेन्स सर्विसेज लिमिटेड के प्रशिक्षक वीर बहादुर सिंह, टीओटी प्रशिक्षक आरक्षी संदीप कुमार व यश कुमार द्वारा प्रभारी यूपी-112/जिला प्रशिक्षण इकाई उपनिरीक्षक हरिद्वार प्रसाद की नेतृत्व व उच्चाधिकारियों के निर्देशन/पर्वेक्षण में पुलिस लाइन में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य यूपी-112 को और भी दक्ष बनाने के लिए मुख्यालय 112 के स्तर से जारी निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में पुलिस कर्मियों को सॉफ्ट स्किल, टैक्निकल पुलिस टैक्टिस के बारे में बताया गया। सॉफ्ट स्किल में पुलिस द्वारा महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों के साथ मृदुभाषी होकर व्यवहार करने के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही इवेंट से संबंधित (शिकायत) प्राप्त होने वाले प्रकरणों में टैक्निकल चीजों के बारे में अवगत कराया गया।

## बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार चार घायल

**तिंदवारी, (संवाददाता)।** बोलेरो की चपेट में आकर बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। घायल को सीएचसी पहुंचाया गया, वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बुधवार को बबेरू के सिमौनीधाम के तीन दिवसीय मेले का पहला दिन था, मेले में बहुत भीड़ थी, पड़ोसी जिले के श्रद्धालु भी पहुंच रहे थे, इसी बीच तिंदवारी थाना के बहिंगा गांव के मजरा क्योटरा निवासी आशीष (20) पुत्र मनमोहन, अमरजीत (17) पुत्र रामराज, नीलम (21) पुत्री देशराज, अंतिमा (30) पत्नी रामकरन एक ही बाइक में सवार होकर मेला देखने जा रहे थे।

# चुनाव को लेकर एसपी ने ग्रामीणों से लिया फीडबैक

⇨ भ्रमण करने के साथ बूथों में एसपी ने बोला धावा ⇨ चुनाव की तैयारियों को लेकर अफसरों ने तैयारियों की कसी कमर



**बांदा, (संवाददाता)।** चुनाव की तैयारियों को लेकर अफसरों ने एकबारगी कमर कस ली है। बुधवार को एसपी ने कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मतदान संबंधी फीडबैक लिया। साथ ही बूथों में जाकर मतदान स्थल की व्यवस्थाएं देखीं।

पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बुधवार को आगामी विधानसभा चुनाव-2022 की तैयारियों के मद्देनजर थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम मवई, कनवारा तथा तिंदवारा के अतिसंवेदनशील, संवेदनशील मतदान केंद्रों का जायजा लिया। वहां उन्होंने व्यवस्थाओं को बारीकी से निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए फीडबैक लिया। अभियान जनपद के सभ थाना एवं चौकी क्षेत्रों में चलाया गया। क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों व चौकी इंचार्जो ने भी अपने-अपने क्षेत्र के संवेदन व अतिसंवेदनशील मतदान स्थलों का भ्रमण कर जायजा लिया गया। वहीं एसपी ने सभी को निर्देशित किया कि समस्त थाना क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का भ्रमण करें तथा भ्रमण के दौरान संबंधित ग्राम के शस्त्र लाइसेंसों का भौतिक सत्यापन करें और रजिस्टर नंबर-8 में विवरण अंकित करें। साथ ही हिस्ट्रीशीटर एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। निरीक्षण दौरान सीओ सिटी राकेश कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## लोहे की रेलिंग गिरने से किसान की मौत

**बांदा, (संवाददाता)।** रेलवे स्टेशन में लोहे की रेलिंग ऊपर गिरने से किसान की दबकर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड गांव निवासी शिवकृष्ण द्विवेदी (48) पुत्र सुखराम बुधवार शाम खेतों की ओर जाने के लिए घर से निकला था। रेलवे स्टेशन में जमीन पर टिकी भारी भरकम लोहे की रेलिंग अचानक उस पर भरभराकर जा गिरी, जिससे वह दब गया। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो किसी तरह रेलिंग हटाकर उसे बाहर निकाला। जीवित होने की आशंका पर उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने देखने के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। पत्नी जय श्री ने बताया कि शिवकृष्ण के पास 14 बीघा जमीन है। वह किसानी करता था।

# ससुराल जा रहे दमाद को बस ने कुचला, सास जख्मी

⇨ गंभीर रूप से घायल महिला जिला अस्पताल में भर्ती
⇨ अतर्रा थाना क्षेत्र के नंदना गांव के पास हुआ हादसा

**अतर्रा, (संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के नंदना गांव के पास तेज रफ्तार बस ने बाइक में टक्कर मार दी, इसमें सवार दामाद की मौत हो गई। सांस गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गिरवां थाना क्षेत्र के छिबांव गांव निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू (27) पुत्र बच्चा अपनी सास मोहनिया को लेकर बाइक से ससुराल बघेलाबारी छोड़ने जा रहा था, इसी दौरान नंदना राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतर्रा से बांदा की ओर आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे जितेंद्र बस के नीचे आकर कुचल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मोहनिया गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एंबुलेंस के जरिए महिला को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों का हुजूम इकट्ठा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस चालक की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। दोनो तरफवाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया, तब जाकर ग्रामीणों ने शव उठने दिया। बताया जाता है कि मृतक एक सप्ताह पहले ही आंध्र प्रदेश से लौटकर घर आया था। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला की मौत



**ऊंचाहार, रायबरेली (अमर चेतना ब्यूरो)।** सड़क दुर्घटना में घायल महिला ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। आपको बताते चलें की बीकरगढ़ गांव निवासी राजकली( 45 ) अपने रिश्तेदार अखिलेश के साथ अपनी बहन के यहां निमंत्रण में गई हुईं थीं। निमंत्रण से वापस लौटते समय सोमवार की शाम बीकरगढ तिराहे के पास उनकी बाईक अनियंत्रित हो गई जिससे वह गिरकर घायल हो गई थी। उन्हें राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत में सुधार ना होने पर जिला चिकित्सालय भेज दिया गया जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक गम्भीर रूप से घायल



**ऊंचाहार, रायबरेली (अमर चेतना ब्यूरो)।** बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। आपको बताते चलें कि सराय तुलाराम गांव निवासी राजन लाल किसी काम से साइकिल पर सवार होकर ऊंचाहार की ओर जा रहा था। तभी लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर मनीपुर भटेहरी गांव के निकट बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालात में सुधार ना होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि मार्ग दुर्घटना में घायल एक युवक इलाज के लिए आया था जिसकी हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

# उप्र के प्रयागराज नगर निगम में पहला सी एण्ड डी वेस्ट प्लांट एवं एनिमल इंसीनेटर का हुआ लोकार्पण

दूर होगी शहर के मलबे की समस्या, मलबा से बनेगा रीसाइक्लिंग मटेरियलः महापौर







**प्रयागराज, (संवाददाता)।** महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने बुधवार को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में पहला लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सी.एंड.डी वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट का लोकार्पण तथा बसवार में लगभग 210 लाख रुपये की लागत से निर्मित एनीमल इंसीनेटर प्लांट का लोकार्पण किया। इसके साथ बसवार में 168 लाख रुपये की लागत से सी.एंड.डी वेस्ट रीसाइक्लिंग प्लांट तक पहुंच मार्ग का लोकार्पण किया। जिसमें कुल लगभग कुल 978 लाख रुपये का व्यय किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मंडलाध्यक्ष संजय गोयल भी उपस्थित रहे। प्लांट को ऑपरेट मेसर्स ऑर्बिट एण्ड क्लीन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली के माध्यम से नगर निगम प्रयागराज के अंतर्गत किया जा रहा है। नगर क्षेत्र से जनित सी एण्ड डी वेस्ट के निस्तारण हेतु स्मार्ट सिटी प्रयागराज के वित्तीय सहयोग से प्लांट का निर्माण कराया गया है। जिससे शहर में जनित मलबा का सही ढंग से निस्तारण किया जा सके। नगर क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 50-100 मी0 टन सी0एण्डडी0 वेस्ट का जनित होता है, जिसका निस्तारण किया जाएगा। तदोपरांत रिसाइकलिंग मटैरियल इज ब्रिक्स, कर्ब स्टोन, टाइल्स व स्लैब कवर तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त प्रयागराज रवि रंजन, अपर नगर आयुक्त मुशीर अहमद, पर्यावरण अभियंता उत्तम वर्मा, मुख्य अभियंता सतीश कुमार, पार्षदगण नीलम यादव, रोमा भारती, कुसुमलता, निक्की कुमारी, दीपक कुशवाहा, शिव भारती, अमरजीत सिंह, ओमप्रकाश द्विवेदी, अनिल कुशवाहा, पवन श्रीवास्तव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नैनी दिलीप केसरवानी, जोनल अधिकारी एस.पी.सी सिंह, अवर अभियंता जगवीर सिंह, एस.एन पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## पद की योग्यता न रखने वाले पर जारी हो सकती है अधिकार पृच्छा याचिका : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि अधिकार पृच्छा (को-वारन्टो) याचिका तभी जारी की जा सकती है जब पद पर बैठा अधिकारी पद पर नियुक्ति की जरूरी योग्यता नहीं रखता हो। प्रश्न गत याचिका में वे तत्व नहीं है जिस पर अधिकार पृच्छा याचिका जारी हो सके। कोर्ट ने डीएवी कालेज साकेत एटा के प्रधानाचार्य की नियुक्ति की वैधता को चुनौती याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने राम लखन की याचिका पर दिया है। याची सहायक अध्यापक है। उसका कहना था कि विपक्षी 2010 में प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया। उसके नियुक्ति में चयन नियमों का पालन नहीं किया गया है। विपक्षी को कारण बताओ नोटिस जारी की गई। इसके बाद शिकायत निरस्त कर दी है। वह लेक्चर नियुक्ति की न्यूनतम योग्यता नहीं रखते।

# मुक्त विवि पहुंची नैक टीम ने शुरू किया मूल्यांकन



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के नैक ग्रेडिंग के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद नैक की 7 सदस्यीय टीम ने बुधवार को विश्वविद्यालय का मूल्यांकन प्रारम्भ कर दिया। समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के सभी विद्या शाखाओं का निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली और शिक्षकों से मुखातिब हुए। नैक टीम ने केंद्रीय पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया तथा लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबों एंड जनरल्स के बारे में जानकारी ली। टीम के सदस्य पुस्तकालय में उपस्थित छात्रों से भी मुखातिब हुए। नैक पीयर टीम के चेयरपर्सन प्रोफेसर के के डेका, पूर्व कुलपति डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय, असम के नेतृत्व में आई टीम का स्वागत विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने किया। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सिंह ने नैक पीयर टीम के सम्मुख विश्वविद्यालय की गतिविधियों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। नैक टीम ने इसके उपरांत सीका की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीका के निदेशक प्रो. ओमजी गुप्ता तथा उप निदेशक प्रो. आशुतोष गुप्ता ने सीका की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। सदस्यों ने शिक्षकों से कोर्स तथा सिलेबस के बारे में जानकारी प्राप्त की।

टीम के सदस्यों ने वित्त अनुभाग प्रशासन अनुभाग, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय अध्ययन केंद्र अनुभाग, मीडिया सेल, शोध अनुभाग एवं महिला अध्ययन केंद्र पुरातन छात्र परिषद प्रकोष्ठ, शिक्षार्थी सहायता सेवा एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, सम्पत्ति कार्यालय, जन सूचना प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया तथा विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## देवांश के अर्धशतक से भानु प्रताप क्लब विजयी

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** देवांश पाठक के अर्धशतक से भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब ने नंद किशोर पीजी कॉलेज को नौ विकेट से हराकर शमशेर अहमद अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गये मैच में टॉस हारकर नंद किशोर पीजी कॉलेज ने 28.1 ओवर में 123 रन (प्रिंस यादव 35, संकल्प त्रिपाठी 25, मानसश्री यादव 20, सुजल सोनकर 3-19, सौरभ यादव व सिद्धार्थ श्रीवास्तव दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में भानु प्रताप क्रिकेट क्लब ने 17.2 ओवर में एक विकेट पर 125 रन बना लिये। देवांश पाठक ने नाबाद 60, राहुल मिश्र ने नाबाद 21 और सुजल सोनकर ने 20 रन बनाये। नंद किशोर के लिए एक मात्र विकेट अंश यादव ने लिया।

# शहर को साफ और स्वच्छ बनाने में करें सहयोगः आयुक्त

**बांदा, (संवाददाता)।** लगभग दो माह से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है कि लोग कूड़ा करकट नाला नाली सड़कों पर ना डालें। प्रत्येक दुकानदार घरवाला ठेलेवाला फुटपाथ पर दुकान चलाने वाला एक कूड़ा दान जरूर रखें, जिसमें इकट्ठा होने वाले दिनभर के कचरे को कूड़ेदान में सुरक्षित रखें। नगर पालिका गाड़ी या कर्मचारी जब आए तो उसको कूड़ा अपना दे दें। अगर 24 घंटे में एक बार भी कूड़ा लेने कोई गाड़ी नहीं आती है तो नगर पालिका में बनाए गए कंट्रोल रूम के नंबर पर फोन करके सूचित कर दें, जिससे वहां से कूड़ा लेने के लिए वाहन भेजा जा सके।

आयुक्त ने हका कि 15 दिसंबर तक का समय दिया गया था। काफी लोगों ने इसका पालन शुरू कर दिया है, उनको मैं धन्यवाद देता हूं और उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि शहर को साफ सुथरा स्वच्छ करने की जिम्मेदारी नगर पालिका के सफाई कर्मियों की है, लेकिन उसे साफ रखने की जिम्मेदारी नगर में रहने वाले सभी नागरिकों की भी है। यदि सफाई कर्मचारी सफाई करते हैं, उसके बाद लोग कूड़ा फैलाते रहेंगे तो शहर 24 घंटे साफ नहीं रहेगा। इसलिए सभी से अपील की गई थी। काफी लोगों ने इस विनती को स्वीकार करके इसका पालन शुरू किया। अब जो लोग इसका पालन नहीं कर रहे, सड़क पर नाले में नालियों में चौराहे पर पार्कों में कूड़ा डाल रहे हैं, उनके विरुद्ध नियमों के अनुरूप चालान की कार्रवाई की जाएगी, जो जुर्माना नहीं भरेंगे, उनका चालान न्यायालय में भेज दिया जाएगा। नगर पालिका के अधिकारियों को और उप जिलाधिकारी सदर को इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है। आयुक्त ने फिर से अपील की कि आओ हम सब मिलकर के अपने बांदा को साफ सुथरा और स्वच्छ रखें। कूड़ा इधर उधर न फेंके। जो फेंक रहा हो उसे जरूर टोंके और गन्दगी करने से मना करे।

गाजीपुर का चर्चित उसरी चट्टी कांड मामला............

# शिकायतकर्ता मुख्तार अंसारी के वकील को जवाब के लिए दो हफ्ते का समय

बृजेश सिंह की जमानत अर्जी की सुनवाई जनवरी के दूसरे हफ्ते में

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बृजेश सिंह उर्फ अरूण कुमार सिंह की द्वितीय जमानत अर्जी पर शिकायतकर्ता मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता को मुकदमे के विचारण में हो रही देरी के कारण दस्तावेज दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है। अर्जी की सुनवाई जनवरी के दूसरे हफ्ते में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने बृजेश सिंह की दूसरी जमानत अर्जी पर दिया है। पहली जमानत अर्जी हाईकोर्ट ने 18 नवम्बर 20 को खारिज करते हुए विचारण न्यायालय को ट्रायल एक साल में पूरा करने का निर्देश दिया था और जिला जज को निगरानी सौंपी थी। इसके बावजूद ट्रायल पूरा नहीं हुआ। याची का कहना था कि शिकायत कर्ता मुख्तार अंसारी के जेल में बंद होने के कारण सुनवाई नहीं हो पा रही है। इस पर अंसारी के अधिवक्ता ने कोर्ट से कहा कि याची ही सुनवाई में अवरोध उत्पन्न कर रहा है। वह आर्डर सीट दाखिल करना चाहते हैं। कोर्ट ने दो सप्ताह का समय दिया है। मालूम हो कि चर्चित उसरी भट्टी कांड में बृजेश सिंह व त्रिभुवन सिंह के खिलाफ केस चल रहा है। इन पर आरोप है कि इन्होंने अंसारी के काफिले पर हमला किया। जिसमें गनर सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जिसकी एफ आई आर विधायक मऊ मुख्तार अंसारी ने मुहम्मदाबाद थाने में दर्ज कराई है। जिसका ट्रायल चल रहा है।

## युवा पीढ़ी ही देश का भविष्यः महानगर अध्यक्ष



**प्रयागराज, (संवाददाता)।** युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है। ऐसे में नौजवानों को सही मार्गदर्शन देना हम सबकी जिम्मेदारी है। क्योंकि जैसे युवा सोचता है उसी सोच के साथ देश आगे बढ़ता है। उक्त विचार भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने बुधवार को यूथ लायर्स एसोसिएशन द्वारा बजरंग चौराहा अल्लापुर में आयोजित युवा संगोष्ठी कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजनीतिक क्षेत्र में युवाओं का भविष्य आज भारतीय जनता पार्टी में सुरक्षित है और युवाओं का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक शिव मनोरथ शुक्ला सहित मुख्य रूप से डॉ श्याम प्रकाश द्विवेदी, श्याम प्रकाश पाण्डेय, राजेश केसरवानी, आयुष मिश्रा, रणविजय सिंह, डब्बू, सारिका शर्मा, सुधा यादव, महानगर उपाध्यक्ष राजू पाठक, गिरिजेश मिश्रा, सुभाष वैश्य, आयुष अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने जयसिंहपुर में दिया ज्ञापन

**सुल्तानपुर, (संवाददाता)।** बुधवार को कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सदर विधानसभा की खराब सड़कों व अन्य समस्याओं को लेकर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम जयसिंहपुर को सौंपा। समस्याओं के निस्तारण की मांग की। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता जयसिंहपुर तहसील पहुंचे। कांग्रेसियों ने जयसिंहपुर के एसडीएम अरविन्द कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया है जयसिंहपुर क्षेत्र की दोस्तपुर-मोतिगरपुर मार्ग, मोतिगरपुर-गोशैसिंहपुर मार्ग, सेमरी-बिरमलपुर मार्ग, टेहसा मार्ग, मुइली-चांदपुर सड़क व बगियागांव-बिरसिंहपुर मार्ग समेत कई मार्गों की हालत बेहद खराब है। धान क्रय केंद्रों पर सही तरीके से धान की खरीद नही हो रही है। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि जयसिंहपुर इलाके की सड़कें पूरी तरह से जर्जर हो गई हैं। जर्जर सड़कों पर यात्रियों को परेशानी हो रही है।

# न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किये बगैर श्रम अदालत का अवार्ड वापस लेना विधि विरुद्धः हाईकोर्ट

**प्रयागराज, (संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उप श्रमायुक्त कानपुर नगर के अपने अवार्ड को वापस लेने के 29 जनवरी 20 के आदेश को रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि श्रम अदालत ने ठोस साक्ष्य व न्यायिक विवेक का इस्तेमाल किये बगैर अपना अवार्ड वापस लेकर कानूनी गलती की। श्रम अदालत ने कानपुर विकास प्राधिकरण के नोटिस के बावजूद हाजिर होकर जवाब न देने पर एक पक्षीय कार्यवाही कर याची की बर्खास्तगी को निरस्त कर दिया और 50 फीसदी बकाया वेतन सहित सेवा बहाली का अवार्ड दिया था। जिसे बाद में वापस लेने को चुनौती दी गई थी। यह आदेश न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी ने सोनेलाल कुशवाहा की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याची ने अपनी बर्खास्तगी के खिलाफ श्रम अदालत में केस दाखिल किया। अदालत ने केडीए को नोटिस जारी की। उसने अपना वकील भी नियुक्त किया। किन्तु केडीए ने जवाब दाखिल नहीं किया और न ही वकील बहस करने आये। तो श्रम अदालत ने एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अवार्ड जारी किया। पालन न होने पर याची की अर्जी पर सहायक श्रम आयुक्त ने वसूली नोटिस जारी की। इसके बाद भुगतान किया गया। इसके 11 माह बाद केडीए ने उप श्रमायुक्त के समक्ष एक पक्षीय अवार्ड वापस लेने की अर्जी दी। कहा वकील ने उसे सूचित नहीं किया। अब नया वकील रखा गया है। उसे सुना जाय और फिर से अवार्ड दिया जाय। श्रम अदालत ने अपना अवार्ड वापस ले लिया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर कहा कि वकील के साथ साथ प्राधिकरण भी मुकदमे के प्रति लापरवाह रहे हैं। केस की नोटिस मिलने के बाद प्राधिकरण ने कोई प्रयास नहीं किया। कार्यवाही में हिस्सा न लेने का उचित कारण नहीं दे सका। प्राधिकरण ने अवार्ड वापसी अर्जी देने में भी 11 महीने की देरी की। ऐसे आचरण माफ करने लायक नहीं हैं।